RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ● Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ● CCTV Controlled Environment ● Activity Based Learning ● Well Equipped Library ● GPS Enable Buses



आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच






वर्ष : 26 | अंक : 131 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, शुक्रवार, 03 मई, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8


# राहुल गांधी रायबरेली से लड़ेंगे चुनाव

## नामांकन में मौजूद रहा गांधी कुनबा

## अमेठी से लड़ेंगे के.एल. शर्मा



**रायबरेली ( एजेंसी )।**

रायबरेली और अमेठी सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार को लेकर सस्पेंस खत्म हो चुका है। देर रात कांग्रेस पार्टी ने इन दोनों सीटों पर पार्टी के उम्मीदवार घोषित कर दिये। रायबरेली से राहुल गांधी चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि अमेठी से के.एल. शर्मा चुनाव लड़ेंगे।

राहुल गांधी आज रायबरेली से अपना नामांकन दाखिल करने पहुंचे हैं। इस दौरान कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, रॉबर्ट वाड्रा, कांग्रेस नेता केसी वेणुगोपाल, राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत नामांकन के दौरान मौजूद रहे।

### संचालन भी तो करना है : प्रियंका गांधी



अमेठी पहुंची प्रियंका गांधी ने फुर्सतगंज एयरपोर्ट पर सवाल के जवाब में कहा- 'किसी को संचालन भी तो करना है...'. प्रियंका गांधी ने अमेठी से के.एल. शर्मा को सही च्वाइस बताया और कहा कि वे लंबे समय से अमेठी का कामकाज संभालते रहे हैं। उन्हें यहां के हर इलाके और हर गली की पूरी जानकारी है। किशोरी लाल शर्मा अमेठी से चुनाव लड़ने जा रहे हैं और अमेठी की जनता उन्हें जानती है। 40 साल से वह अमेठी के मुद्दों से भलीभांति परिचित हैं। हम मिलकर लड़ेंगे और किशोरी लाल शर्मा की जीत सुनिश्चित करेंगे।

### अमेठी से हारे तो रायरबेली गए : प्रधानमंत्री



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बर्द्धमान पहुंचे और चुनावी जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने कांग्रेस और राहुल गांधी पर तंज कसा। पीएम मोदी ने कहा, मैंने पहले कहा था कि राहुल गांधी वायनाड हार रहे हैं और वो नई सीट की तलाश कर रहे हैं। उनके चेले चपाटे कह रहे थे कि वो अमेठी से चुनाव लड़ेंगे। लेकिन वो तो इतना डर गए हैं कि वायनाड से भागकर रायबरेली पहुंच गए हैं। वो देशभर में घूम-घूमकर कहते हैं कि डरो मत... डरो मत। आज मैं भी कहना चाहता हूं कि डरो मत... भागो मत।

*अमेठी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा ने गांधी परिवार का गढ़ मानी जाने वाली इस सीट पर नामांकन दाखिल कर दिया।*



## नोएडा के दो बैंकों से मिले जाली नोट

### रिजर्व बैंक के प्रबंधक ने दर्ज कराई एफआईआर




**नोएडा।** नोएडा के बैंकों से अगर आप नगदी निकाल रहे हैं तो सावधान हो जाएं ।नोएडा के दो बैंकों से जाली नोट मिलने का मामला सामने आया है। रिजर्व बैंक के प्रबंधक ने नोएडा के थाना फेस-2 क्षेत्र में पड़ने वाले दो बैंकों के खिलाफ एफ्आईआर दर्ज करायी है।

थाना फेस-2 में भारतीय रिवर्ज बैंक कानपुर के प्रबंधक दावा आईपीएस गहलौत ने दो बैंकों के खिलाफ एफ्आईआर दर्ज कराई है। एफ्आईआर में प्रबंधक दावा आईपीएस गहलौत ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक में अन्य बैंकों से जमा कराई गई करेंसी में कई जाली नोट मिले हैं। नवंबर 2023 में रिजर्व बैंक को जाली नोट मिले हैं। थाना फेस-2 क्षेत्र में पड़ने वाले दो बैंकों से मिले जाली नोटों को लेकर एफ्आईआर दर्ज की जाए और इनका डाटा एनसीआरबी की साईट पर अपलोड किया जाए। थाना फेस-2 प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि प्रबंधक की शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफधारा-489, ए,बी,सी,डी व ई के तहत एफ्आईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## क्राइम फाईल

### युवती की अश्लील फोटो इंस्टाग्राम पर वायरल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** युवती की तस्वीरों को अश्लील तरीके से एडिट कर अज्ञात व्यक्ति ने उसे इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। अश्लील तस्वीरों के साथ युवती के मोबाइल फोन नंबर को भी इंस्टाग्राम आईडी पर अपलोड कर दिया।



अश्लील कॉल आने पर युवती को सोशल मीडिया पर अपनी तस्वीर वायरल होने की जानकारी मिली। इसके बाद उसने थाना सेक्टर-20 में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

मूल रूप से बनारस की रहने वाली कामिनी काल्पनिक नाम ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह हाल में सेक्टर 20 में रह रही है। 29 अप्रैल की दोपहर को उसके पास कुछ लोगों के अश्लील कॉल आने लगे। उसने जब जानकारी जुटाई तो पता चला कि उसके नाम से सोशल मीडिया पर फर्जी इंस्टाग्राम आईडी बनाई गई है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### कार में बाइक से टक्कर मार उड़ाया मोबाइल

**नोएडा ( चेतना मंच )।** महिला की कार में जानबूझकर बाइक से टक्कर मारने के बाद बाइक सवार बदमाश कार में रखा मोबाइल फोन चोरी कर भाग गए। महिला के पति ने थाना 113 में मुकदमा दर्ज कराया है।



ग्रेटर नोएडा के इको विलेज में रहने वाले गगन पाराशर ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उनकी पत्नी कार से अपने ऑफिस जा रही थी पृथला फ्लाईओवर के पास उस की कार के सामने अचानक दो युवक आ गए। दोनों ने जानबूझकर उनकी कार के सामने अपनी बाइक गिरा दी। (शेष पृष्ठ-3 पर)

### लैपटॉप, आईफोन व बैग चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग स्थान पर चोरों ने लैपटॉप व मोबाइल फोन चोरी की कई वारदातों को अंजाम दिया। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। चौड़ा गांव में किराए पर जाने वाले रजनीश कुमार ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह अपने साथी आयुष कुमार, सोनू पाठक के साथ किराए पर रह रहा है। 21 अप्रैल की सुबह तीनों अपने कमरे में सोए हुए थे और दरवाजा खुला हुआ था। इस दौरान किसी व्यक्ति ने उनके कमरे से तीन लैपटॉप, एक आईफोन व बैग चोरी कर लिया। बैग में उनके महत्वपूर्ण कागजात, आईडी कार्ड, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड आदि रखे हुए थे। थाना सेक्टर-58 में जितेंद्र अरोडा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि (शेष पृष्ठ-3 पर)

## साया गोल्ड सोसायटी में दूषित पानी पीने से 200 लोग बीमार

**गाजियाबाद ( चेतना मंच )।** इंदिरापुरम की साया गोल्ड सोसायटी में दूषित पानी पीने से 200 से ज्यादा लोग बीमार हो गए हैं। लोगों का कहना है कि पानी में कई दिन से सीवर का पानी मिलकर आ रहा था, जिसे लोग पी रहे थे। दूषित पानी पीने से बीमार होने के कारण सोसायटी वासियों में रोष है। जानकारी के मुताबिक साया गोल्ड सोसायटी में दूषित पानी पीने से 100 से ज्यादा बच्चे और बड़े कुल मिलाकर 200 से ज्यादा लोग बीमार हो गए हैं। (शेष पृष्ठ-3 पर)



## दिल्ली महिला आयोग को बंद करने की साजिश : आतिशी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने एक बार फिर भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि भाजपा हमेशा से ही महिला विरोधी पार्टी रही है। ये लोग रेवन्ना जैसे लोगों को चुनाव लड़वाते हैं। उसके बारे में सबकुछ जानते हुए भी प्रधानमंत्री हाथ फैलाकर वोट मांगते हैं। वहीं, इनकी सरकार पीड़ित और परेशान महिलाओं के लिए काम करने वाली संस्था दिल्ली महिला आयोग को बंद करने की साजिश रच रही हैं।



उन्होंने आगे कहा कि भाजपा-आरएसएस से जुड़े तमाम नेता वर्षों से कह रहे हैं कि आरक्षण को खत्म करना है। भाजपा के तमाम उम्मीदवार कह रहे हैं कि 400 सीट दे दो, संविधान बदलना है। प्रधानमंत्री इन बातों का जवाब दें। वहीं, अमित शाह ने साबित कर दिया कि भाजपा और उनकी ईडी का अरविंद केजरीवाल को समन भेजने का इरादा ही उन्हें गिरफ्तार करने का था। अमित शाह के बयान ने साफ कर दिया है कि दिल्ली आबकारी नीति में ईडी की जांच का मकसद आम आदमी पार्टी और हमारे नेताओं को परेशान करना है।

## तीन किशोरियों का अपहरण

**नोएडा ( चेतना मंच )।** अलग-अलग स्थान से 3 किशोरियों को युवक बहला फुसलाकर भगा ले गये। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने अपहरण का मामला दर्ज कर लिया है।



थाना फेस वन क्षेत्र के हरौला गांव में किराए पर रहने वाली सरोज (काल्पनिक नाम) ने बताया कि बीते 22 अप्रैल को उसकी (14 वर्षीय) बेटी घर से कहीं चली गई। सरोज ने आशंका जताई है कि पड़ोस में रहने वाले करिया उर्फ छोटू व उसकी बहन काजल उनकी बेटी को बहला फुसलाकर कर भगा ले गए हैं।

थाना जारचा में एक युवक के खिलाफ युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कराया गया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी राकेश (काल्पनिक नाम) (शेष पृष्ठ-3 पर)

### शादी का झांसा देकर भगा ले गया

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सूरजपुर क्षेत्र के कस्बे से एक युवक पड़ोस में रहने वाली युवती को शादी करने का झांसा देकर भगा कर ले गया। युवती की मां की शिकायत पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। कस्बे में रहने वाली विनीता (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उनके पड़ोस में रहने वाला ललित उनकी बेटी को 9 अप्रैल को शादी का झांसा दे कर घर से बहला फुसलाकर कर भगा ले गया। उन्होंने अपनी बेटी की काफी तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर दिया गया है और आरोपी व युवती की तलाश की जा रही है।

### कुत्तों के झुंड ने युवक पर बोला हमला, डंडे ने बचाई जान

**गाजियाबाद ( एजेंसी )।** गाजियाबाद के राजनगर एक्सटेंशन की केडीपी ग्रैंड सवाना सोसाइटी में गुरुवार रात एक युवक पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। युवक के हाथ से लैपटॉप का बैग छीन लिया। थोड़ी दूर पर पड़े एक डंडे से युवक ने किसी तरह कुत्तों को डराकर अपने आप को बचाया। जानकारी के अनुसार, ए-टावर में आठवें फ्लोर पर गौरव मालिक रहते हैं। वह एक निजी कंपनी में जॉब करते हैं। गुरुवार रात वह बेसमेंट में अपनी गाड़ी खड़ी करके फ्लैट की तरफ जा रहे थे कि तभी अचानक आवारा कुत्तों के झुंड ने उन पर हमला बोल दिया और वह घबराकर भागे। इसी दौरान कुत्तों ने उनके हाथ से लैपटॉप का बैग छीनकर उसे नोच डाला। सीसीटीवी में पूरी घटना कैद हो गई है। सोसायटी के एओए अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी ने बताया कि समिति के अंदर कुत्तों का आतंक काफी बढ़ गया है।

## मंदिर के पुजारी ने मुख्य सेवादार से की मारपीट

**नोएडा ( चेतना मंच )।** बख्तावरपुर गांव के शनि मंदिर से हटाये जाने से गुस्साये पुजारी ने मंदिर समिति के मुख्य सेवादार के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया। मुख्य सेवादार को घायल करने के बाद पुजारी अपने साथी सहित मौके से फरार हो गया।

पीड़ित ने दो आरोपियो के खिलाफ थाना सेक्टर 126 में मुकदमा दर्ज कराया है। धौलपुर राजस्थान निवासी राजकुमार ने पुलिस से की शिकायत में बताया कि वह पिछले दो वर्षों से बख्तावरपुर गांव के शनि मंदिर की समिति द्वारा नियुक्त किए गए मुख्य सेवादार के रूप में कार्य कर रहा है। कुछ समय पहले मथुरा निवासी अशोक उर्फ अनिल को मंदिर में पुजारी के रूप में नियुक्त किया गया था। उसके अनियमित कार्यों को देखते हुए मंदिर समिति ने उसे मंदिर से हटा दिया जिस कारण वह उसे रंजिश मानने लगा। 2 अप्रैल को वह मंदिर की साफ सफाई कर रहा था। इस दौरान अशोक उर्फ अनिल अपने एक साथी अनिल के (शेष पृष्ठ-3 पर)




महामाया फ्लाईओवर से डीएनडी वेल की ओर आने वाले मार्ग पर गंदे नाले के निकट एक ट्रक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिस वजह से ट्रफिक जाम हो गया।

### बाल भारती स्कूल का कारनामा

## बीमार बच्ची को दाखिला देने के बजाय प्रिंसिपल ने अभिभावक को थमा दी टीसी

- डीआईओएस के अनुरोध को भी रद्दी की टोकरी में डाला
- न्याय न मिला तो एएनएसपीए करेगी आंदोलन : यतेन्द्र कसाना

**नोएडा ( चेतना मंच )।** लगता है कि अब नोएडा के चंद निजी स्कूल खुलेआम अभिभावकों की जेबों में डकैती डालने के अलावा दानव भी होते जा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला बाल भारती स्कूल का प्रकाश में आया है। इस स्कूल में सेक्टर-62 रजत विहार निवासी मो0 आबिद सिददीकी की बेटी अरीबा फातिमा कक्षा-9 में पढ़ती है। अचानक बीमार होने के कारण स्कूल में उपस्थित नहीं हो सकी, (शेष पृष्ठ-3 पर)



# महामारी का असर

कोरोना वैश्विक महामारी से जुड़ी एक खबर हम सभी को चिंतित, व्यथित कर सकती है, लेकिन चिकित्सकों ने इसे घबराहट का मुद्दा न मानने की सलाह दी है। दुनिया में कोरोना महामारी के दौरान ब्रिटेन की कंपनी एस्ट्राजेनेका और ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी ने एक टीके का आविष्कार किया था। उस टीके को भारत में 'कोविशील्ड' के नाम से सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ने बेचा और वितरित किया। चूंकि इतने लंबे अंतराल के बाद ब्रिटिश मीडिया के जरिए यह खुलासा हुआ है कि एस्ट्राजेनेका के टीके से खून में थक्के जम सकते हैं और व्यक्ति को दिल का दौरा पड़ सकता है। कंपनी ने अदालत में यह स्वीकार भी किया है, लेकिन इसे 'दुर्लभ प्रभाव' भी माना है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रपट 2021 में आई थी, जिसका निष्कर्ष था कि कोरोना टीके से 10,000 में से मात्र एक व्यक्ति ही 'साइड इफेक्ट' का शिकार होता है। खबर इसलिए चिंतित करती है, क्योंकि भारत में सर्वाधिक 175 करोड़ खुराकें 'कोविशील्ड' टीके की दी गई थीं और 36.39 करोड़ खुराकें 'कोवैक्सीन' टीके की दी गईं। इस टीके के निर्माण में भारत सरकार की भी हिस्सेदारी है। बहरहाल ब्रिटेन में कोरोना टीके के दुष्प्रभावों के मद्देनजर 163 लोगों को मुआवजा दिया गया। उनमें से 158 लोगों ने एस्ट्राजेनेका का टीका लगवाया था। कोरोना-काल में टीकाकरण ने दुनिया में 60 लाख से अधिक बीमारों को नई जिंदगी दी और भारत में करीब 34 लाख संक्रमितों को 'नई सांस' दी थी। भारत जैसे घनी और संकरी आबादी वाले देश में यह डाटा बेहद महत्वपूर्ण और मानवीय माना जा सकता है। भारत में 220 करोड़ से ज्यादा खुराकें दी गईं। उनमें से 254 लोगों पर ही टीके के दुष्प्रभाव सामने आए, लिहाजा भारत में टीके का उलटा असर 0.00001 फीसदी ही रहा। चिकित्सकों का भी कहना है कि टीके से औसतन 10 लाख लोगों में से जानलेवा जोखिम मात्र एक व्यक्ति को ही देखा गया, जबकि टीके ने महामारी की घातकता 80-90 फीसदी तक कम की। रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाई। दरअसल थक्का जमने की बीमारी को मेडिकल भाषा में 'टीटीएस सिंड्रोम' कहते हैं, जो करीब 100 साल पुराना है। दिल का अचानक दौरा पडना, अचानक अचेत होकर जमीन पर गिर जाना, हार्ट अटैक से मौत हो जाना आदि कोरोना टीका लगाने से पहले भी मौजूद थे। यदि 2022 में, कोरोना के चरम के ऐन बाद, हार्ट अटैक से 32,410 अचानक मौतें हुईं, तो 2019 से पहले भी 24-25,000 ऐसी ही मौतें हुई थीं। चिकित्सकों का सवाल है कि वे मौतें क्यों हुईं? तब तो कोरोना महामारी नहीं थी? लिहाजा शोधरत चिकित्सकों की स्थापना है कि ऐसा कोई वैज्ञानिक और क्लीनिकल साक्ष्य नहीं है, जो कोरोना टीके का सीधा संबंध मौत के साथ साबित करता हो। ब्रिटिश अदालत में 51 केस एस्ट्राजेनेका के खिलाफ दर्ज किए गए। मुख्य रूप से जेमी स्कॉट अदालत गए और टीके से पीड़ित लोगों ने कंपनी से 1000 करोड़ रुपए तक के मुआवजे मांगे। करीब 20 देशों ने एस्ट्राजेनेका के टीके पर प्रतिबंध लगा दिया, लेकिन ये सभी 'अर्द्धसत्य' ही थे। जब दुनिया में कोरोना महामारी फैली थी, तब हाहाकार यही था कि किस तरह मनुष्य को बचाया जाए? लोग संक्रमण, ऑक्सीजन की कमी, सांस की निरंतरता टूटने, फेफड़ों के फेल हो जाने के कारण मर रहे थे। शमशान में जगह कम पड़ी, तो लाशों को नदी में बहा दिया गया। यदि किसी का संक्रमण सामने आया, तो यह निश्चित नहीं था कि वह जिंदा रहेगा या नहीं। भारत में कोरोना वायरस अब भी मौजूद है, क्योंकि एक माह में औसतन 3000 संक्रमित मामले दर्ज किए जा रहे हैं। विश्व में कोरोना महामारी से करीब 70 लाख मौतें हुईं, लेकिन आज हम अपेक्षाकृत आश्वस्त हैं। हमने टीकाकरण कराया है या हम संक्रमित हो चुके हैं। दोनों ही स्थितियों में रोग प्रतिराधक क्षमता हमारे भीतर पर्याप्त है। हमें घबराना नहीं चाहिए, क्योंकि डॉक्टरों के निष्कर्ष हैं कि टीके के दुष्प्रभाव अधिकतम 6 महीने के दौरान सामने आ जाते हैं, जबकि कोरोना खत्म हुए और टीकाकरण का अभियान सम्पन्न हुए 2 साल से अधिक का समय गुजर चुका है। जो होना था, वह हो चुका, शेष अतीत हो गया। यह संपादकीय कोरोना के प्रति जागरूकता और अद्यतन करने के लिए है, लिहाजा बीमार करने वाले लक्षणों से जरूर बचें। चिकित्सा विशेषज्ञ सलाह दे रहे हैं कि जिन्होंने कोरोना की वैक्सीन लगाई है, उन्हें डरने की कोई जरूरत नहीं है।

# रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि प्रभु मच्छर को ब्रह्मा कर सकते हैं और ब्रह्मा को मच्छर से भी तुच्छ बना सकते हैं। ऐसा विचार कर चतुर पुरुष सब संदेह त्यागकर श्री रामजी को ही भजते हैं॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**विनिश्चितं वदामि ते न अन्यथा वचांसि मे।**
**हरिं नरा भजन्ति येऽतिदुस्तरं तरन्ति ते॥**

मैं आपसे भली-भाँति निश्चित किया हुआ सिद्धांत कहता हूँ- मेरे वचन अन्यथा (मिथ्या) नहीं हैं कि जो मनुष्य श्री हरि का भजन करते हैं, वे अत्यंत दुस्तर संसार सागर को (सहज ही) पार कर जाते हैं॥

**कहेउँ नाथ हरि चरित अनूपा। ब्यास समास स्वमति अनुरूपा॥**
**श्रुति सिद्धांत इहइ उरगारी। राम भजिअ सब काज बिसारी॥**

हे नाथ! मैंने श्री हरि का अनुपम चरित्र अपनी बुद्धि के अनुसार कहीं विस्तार से और कहीं संक्षेप से कहा। हे सर्पों के शत्रु गरुड़जी! श्रुतियों का यही सिद्धांत है कि सब काम भुलाकर (छोड़कर) श्री रामजी का भजन करना चाहिए॥

**प्रभु रघुपति तजि सेइअ काही। मोहि से सठ पर ममता जाही॥**
**तुम्ह बिग्यानरूप नहिं मोहा। नाथ कीन्हि मो पर अति छोहा॥**

प्रभु श्री रघुनाथजी को छोड़कर और किसका सेवन (भजन) किया जाए, जिनका मुझ जैसे मूर्ख पर भी ममत्व (स्नेह) है। हे नाथ! आप विज्ञान रूप हैं, आपको मोह नहीं है। आपने तो मुझ पर बड़ी कृपा की है॥

**पूँछिहु राम कथा अति पावनि। सुक सनकादि संभु मन भावनि॥**
**सत संगति दुर्लभ संसारा। निमिष दंड भरि एकउ बारा॥**

जो आपने मुझ से शुकदेवजी, सनकादि और शिवजी के मन को प्रिय लगने वाली अति पवित्र रामकथा पूछी। संसार में घड़ी भर का अथवा पल भर का एक बार का भी सत्संग दुर्लभ है॥

**देखु गरुड़ निज हृदयँ बिचारी। मैं रघुबीर भजन अधिकारी॥**
**सकुनाधम सब भाँति अपावन। प्रभु मोहि कीन्ह बिदित जग पावन॥**

हे गरुड़जी! अपने हृदय में विचार कर देखिए, क्या मैं भी श्री रामजी के भजन का अधिकारी हूँ? पक्षियों में सबसे नीच और सब प्रकार से अपवित्र हूँ, परंतु ऐसा होने पर भी प्रभु ने मुझको सारे जगत को पवित्र करने वाला प्रसिद्ध कर दिया (अथवा प्रभु ने मुझको जगत्प्रसिद्ध पावन कर दिया)॥

(क्रमशः...)

# धमकी भरे आतंकी ईमेल, स्कूली आपातकाल और दहशतजदा छात्र-अभिभावक

जब पूरा देश मजदूर दिवस मनाने की तैयारियों में जुटा हुआ था, तब दिल्ली एनसीआर के छात्र-अभिभावक महज इस बात पर दहशतजदा हो गए कि एक धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद स्कूलों में आपातकाल लागू कर दिया गया और छात्रों को वापस घर ले जाने के लिए अभिभावकों में अफरातफरी मच गई। हालांकि, दिल्ली-यूपी पुलिस ने सूझ-बूझ से काम किया और फौरन 200 से ज्यादा प्रतिष्ठित स्कूलों की तलाशी ली गई। लेकिन इस दौरान जो महसूस किया गया, वह हमारे अभिजात्य वर्गीय स्कूलों और सुशिक्षित अभिभावकों की मानसिकता पर कई सवाल खड़ा करते हैं।

पहला, क्या दिल्ली-एनसीआर के हाई पेड स्कूलों की सुरक्षा व्यवस्था इतनी लचर है कि वहां बम प्लांट किया जा सकता है? यदि ऐसा है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है! स्कूल प्रबंधन को स्थानीय पुलिस से तालमेल बिठाकर अपनी सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसे स्कूली आपातकाल की नौबत नहीं आए और छात्रों व उनके अभिभावकों को उन स्थितियों का सामना नहीं करना पड़े, जैसा कि मई दिवस के दिन देखा व महसूस किया गया। क्योंकि ऐसी अप्रत्याशित सूचनाओं से, घटनाओं से बाल मन पर जो बुरा प्रभाव पड़ता है, उससे होने वाली क्षति कल्पना से परे है और मनोवैज्ञानिक ही इसकी सटीक व्याख्या कर सकते हैं।

वहीं, अभिजात्य अभिभावकों का भी यह कर्तव्य है कि पीटीएम में इस विषय को उठाएं और भविष्य में अपने बच्चों की सुरक्षा की गारंटी लें, भले ही इसके लिए उन्हें अतिरिक्त फीस क्यों नहीं अदा करनी पड़े। क्योंकि आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली से पहले बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता में बड़ी संख्या में स्कूलों को फर्जी धमकियां भेजी जा चुकी हैं। गत वर्ष 1 दिसंबर 2023 को बेंगलुरु के 48 स्कूलों को बम होने की सूचना दी गई थी। इसी वर्ष फ़रवरी 2024 में चेन्नई के 13 स्कूलों को और अप्रैल 2024 में कोलकाता के स्कूलों को इस तरह की मेल भेजी गई थी। ज्यादातर मामलों में यही पता चला कि मेल विदेश से भेजे गए थे। जाहिर है कि इसके पीछे कोई संगठित गैंग काम कर रहा है, जिसका इरादा बाल मनोमस्तिष्क को प्रभावित करना है, जो पूरी तरह से गलत है।

दूसरा, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने इस पूरे प्रकरण पर दिल्ली के पुलिस कमिश्नर से बातकर दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में बम थ्रेट्स यानी बम की धमकी पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जो सही दिशा में उठाया हुआ एक जरुरी कदम है। इससे छात्रों-अभिभावकों में सुरक्षा का भाव मजबूत होगा। इतना ही नहीं, उपराज्यपाल सक्सेना ने दिल्ली पुलिस को स्कूल परिसर में गहन तलाशी लेने, दोषियों की पहचान करने और कोई चूक न हो, यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है, जो बहुत बड़ी बात है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, केंद्रीय दिल्ली से 13, नई दिल्ली से 6, पूर्वी दिल्ली के 24, उत्तरपूर्वी दिल्ली से 2, दक्षिणी दिल्ली के 18, दक्षिण पूर्वी दिल्ली से 10, दक्षिण-पश्चिम दिल्ली से 20, पश्चिमी दिल्ली के 21 उत्तरपश्चिमी दिल्ली से 29, उत्तरी दिल्ली से 3, बाहरी उत्तरी दिल्ली से 4, शहादरा में 22, रोहिणी से 10, द्वारिका से 24, बाहरी दिल्ली से 16 समेत कुल 222 स्कूलों को धमकी वाला ईमेल मिला। इससे स्पष्ट है कि साजिश करने वाला किसी बड़े गेमप्लान का हिस्सा है, जिसका पर्दाफाश करना बहुत जरूरी है।



**दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने इस पूरे प्रकरण पर दिल्ली के पुलिस कमिश्नर से बातकर दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में बम थ्रेट्स यानी बम की धमकी पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है, जो सही दिशा में उठाया हुआ एक जरुरी कदम है। इससे छात्रों-अभिभावकों में सुरक्षा का भाव मजबूत होगा।**

तीसरा, स्कूली आपातकाल प्रकरण पर दिल्ली पुलिस की जितनी तारीफ़ की जाए, वह कम है। क्योंकि एक साथ दिल्ली के 100 से ज़्यादा स्कूलों को बम से उड़ाने की कॉल से जब हड़कंप मच गया, तब दिल्ली पुलिस ने एक साथ दिल्ली के सभी स्कूलों में बम स्क्वाड, डॉग स्क्वाड, स्निफर डॉग,फायर ब्रिगेड और अपनी विशेष टीमें भेज कर अपनी ततपरता का परिचय दिया। आलम यह रहा कि दिल्ली के बड़े बड़े अधिकारी यहाँ तक कि खुद दिल्ली के एलजी भी सड़कों पर उतर कर मुआयना कर रहे थे। यही वजह है कि सभी स्कूलों की कुछ ही घंटे में चेकिंग संभव हो पाई और बच्चे तथा टीचर से लेकर सभी स्कूलकर्मियों को सुरक्षित घर पहुँचाया जा सका। इससे साफ है कि दिल्ली पुलिस किसी भी अप्रत्याशित स्थिति से निबटने में पूरी तरह सक्षम है। यह हम सभी के लिए सुकून का विषय होना चाहिए।

चौथा, जिस तरह से दिल्ली, नोएडा और ग्रेटर नोएडा के करीब 200 से ज्यादा स्कूलों में बुधवार को धमकी भरा ई मेल भेजकर यह कहा गया कि इन स्कूलों में बम प्लांट किया गया है, किसी गहरी साजिश का नतीजा है। कहीं ऐसा तो नहीं है कि देशद्रोही ताकतें हमारे नौनिहालों के मन में दहशत पैदा करने की कोशिश कर हैं, या फिर कहीं पर निगाहें, कहीं पर निशाना साधने की जुर्रत कर रहे हों। यही वजह है कि स्कूलों को मिले ई-मेल की सूचना मिलने के बाद दिल्ली पुलिस समेत तमाम एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। उम्मीद है कि इसके शीघ्र ही सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों में बम वाला ईमेल भेजने के लिए रूस के वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क का इस्तेमाल किया गया है। पुलिस अफसरों ने बताया कि इंटरनेट तो रूसी है, लेकिन इसका इस्तेमाल दुनिया के किसी भी कोने से किया जा सकता है। इसलिए जिस डिवाइस से इसे भेजा गया है, उसके आईपी एड्रेस का भी पता लगाया जा रहा है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को पूरे मामले की जांच सौंपी गई है। धमकी वाला ईमेल savariim@mail.ru की आईडी से भेजा गया है। सवारीइम एक अरबी शब्द है, जिसका मतलब तलवारें टकराना है। इसे इस्लामिक स्टेट ने 2014 से इस्तेमाल करना शुरू किया था। धमकी भरा ईमेल भेजने के लिए प्रॉक्सी एड्रेस का प्रयोग हुआ।

पांचवां, बुद्धवार को जिस अफरातफरी में माता-पिता- रिश्तेदार अपने-अपने बच्चों को स्कूल से लेने के लिए पहुंचे, उसकी वजह से दिल्ली की सड़कों पर जाम जैसी स्थिति पैदा हो गई है। हालांकि तब तक जिन स्कूलों की जांच की गई, वहां कुछ भी संदिग्ध जैसा नहीं मिला। इस पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने साफ कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह फर्जी कॉल है। दिल्ली पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां प्रोटोकॉल के मुताबिक जरूरी कदम उठा रही हैं।

छठा, जिस तरह से कई बड़े स्कूलों को धमकी भरा ई-मेल भेजा गया है, उसके मायने को समझने और पड़ताल करने की दरकार है। क्योंकि अधिकारियों ने बताया कि मयूर विहार इलाके में स्थित मदर मैरी स्कूल, द्वारका स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल, चाणक्यपुरी के संस्कृति स्कूल, वसंत कुंज के दिल्ली पब्लिक स्कूल, साकेत स्थित एमिटी स्कूल और नोएडा सेक्टर 30 में दिल्ली पब्लिक स्कूल आदि को ईमेल के जरिये परिसर में बम रखे होने की धमकी दी गई, उसका स्पष्ट मकसद है कि अर्बन नक्सली या आतंकी जैसे तत्व हमारे देश के अभिजात्य वर्ग के दिलोदिमाग में वही दहशत का भाव कायम रखना चाहते हैं, जो 2014 से पहले इस देश में व्याप्त रही है। कहीं ऐसा तो नहीं है कि 2024 के आमचुनाव में नरेंद्र मोदी सरकार की विदाई के कथित आसार से देशद्रोही तत्व फिर से सिर उठाने शुरू कर दिए हों और इस रूप में उन्होंने अपना नापाक पूर्वाभ्यास किया हो। यदि ऐसा है तो देशवासियों को समझबुझकर मतदान करना चाहिए, क्योंकि अभी 2 चरण ही मतदान के हुए हैं और 5 चरण अभी बाकी हैं!

सातवां, दिल्ली पुलिस के अधिकारियों के मुताबिक, सभी विद्यालयों को खाली करा लिया गया और स्थानीय पुलिस को ईमेल के बारे में जानकारी दे दी गई। जिसके बाद बम का पता लगाने वाली टीम, बम निरोधक दस्ता और दिल्ली दमकल सेवा के अधिकारी तुरंत दिल्ली के विद्यालयों में पहुंच गए और तलाशी अभियान चलाए। उधर, स्कूलों में बम होने की सूचना मिलने के बाद दिल्ली सरकार की मंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट किया कि दिल्ली के कई स्कूलों में बम होने की धमकी देने का मामला सामने आया है, जिसके बाद सम्बन्धित स्कूलों को फिलहाल खाली करा दिया गया है। पुलिस फिलहाल स्कूल के अंदर जांच कर रही है। अभी तक जिन स्कूलों की जांच हो चुकी है, वहां से कुछ भी संदेहास्पद नहीं मिला है। हम अभिभावकों से निवेदन करते हैं वो घबराएं नहीं। वहीं, दिल्ली पुलिस ने भी कहा कि, यह एक शरारत है, दहशत फैलाने के लिए इतने बड़े पैमाने पर सभी स्कूलों को एक मेल भेजा गया है। साइबर सेल यूनिट भी ईमेल और आईपी एड्रेस का पता लगाने की कोशिश कर रही है। गौरतलब है कि फरवरी में, आर के पुरम में दिल्ली पब्लिक स्कूल में इसी तरह की बम की धमकी मिली थी, जो बाद में अफवाह निकली थी।

आठवां, डीपीएस समेत विभिन्न स्कूलों ने अपनी ततपरता का परिचय देते हुए परिजनों को मेल भेजा, जिसमें साफ कहा गया कि, आपको सूचित किया जाता है कि स्कूल को एक ईमेल प्राप्त हुआ है जिससे छात्रों की सुरक्षा को खतरा है। एहतियात के तौर पर हम छात्रों को तुरंत घर वापस भेज रहे हैं। वहीं, नोएडा पुलिस ने कहा कि शहर स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल में कक्षाएं निलंबित कर दी गयीं और पुलिस बल तैनात किया गया। सूचना पर तुरंत संज्ञान लेते हुए पुलिस बल स्कूल के आसपास तलाशी अभियान चला रहा है। अन्य जरूरी उपाय भी किए जा रहे हैं। वहीं, एक अधिकारी ने बताया कि ऐसा माना जा रहा है कि और भी विद्यालयों को इस तरह का धमकी भरा ईमेल मिला होगा और संदेह है कि इन सबके पीछे एक ही व्यक्ति का हाथ है। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ समेत सुरक्षा एजेंसियां ईमेल के स्त्रोत का पता लगाने में जुटी हैं।

नौवां, दिल्ली एनसीआर के कई स्कूलों में भी इसी तरह बम होने के ईमेल मिले हैं। मदर मेरी स्कूल में बच्चों की परीक्षा चल रही थी लेकिन बम मिलने की जानकारी के बाद परीक्षा को बीच में ही रुकवा दिया गया। स्कूल ने आपातकाल घोषित करते हुए सभी बच्चों को तुरंत वापस घर भेज दिया। इसके बाद अभिभावकों में भी दहशत का माहौल है। दिल्ली पुलिस ने कहा है कि कई स्कूलों को इस तरह का मेल आया है, जिसमें कहा गया कि स्कूल परिसर में बम है। हालांकि, अभी तक किसी भी स्कूल में कुछ संदिग्ध नहीं मिला है और पुलिस सभी जगहों पर जांच कर चुकी है।

दसवां, दिल्ली के शिक्षा निदेशालय ने ठीक ही निर्देश दिया है कि सभी स्कूल प्रमुख आधिकारिक ईमेल आईडी पर प्राप्त होने वाले संदेशों को समय पर जांचेंगे। यदि कुछ अवांछित दिखता है तो उसे तुरंत सम्बन्धित जिले/क्षेत्रीय शिक्षा उपनिदेशक और दिल्ली पुलिस को तुरन्त सूचित करेंगे। बच्चों की सुरक्षा को लेकर समय रहते उचित कदम उठाएं। स्कूल कानूनी प्राधिकरण को सूचना देंगे। क्योंकि कुछ सरकारी स्कूलों ने भी इस धमकी भरे मेल के मिलने की कॉल पुलिस को की है। वहीं, दिल्ली सरकार की शिक्षा मंत्री आतिशी ने ठीक ही कहा है कि स्कूलों में बम की सूचना को लेकर शुरुआती जांच में कुछ नहीं मिला, लेकिन यह शर्मनाक है। उम्मीद है कि दिल्ली पुलिस मामले को गम्भीरता से लेते हुए जांच करेगी और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करेगी।

**- कमलेश पांडेय/ वरिष्ठ पत्रकार व स्तम्भकार**

# जाति की गंध (व्यंग्य)

इस बात की सच्चाई है कि हर इंसान अपनी जाति और सामाजिक स्थिति के साथ पैदा होता है। और जैसे ही वह इंसान बनता है, उसके साथ उसकी जाति और समाज की गंध भी आती है। यह गंध उसके चारों ओर अपने प्रभाव को बिखेरने लगती है। लोग उसे अपना बनाने की कोशिश करते हैं, उसे अपने नेता बनाने का प्रयास करते हैं। राजनीतिक धुरंधरों ने इस गंध का लाभ उठाया और लोगों को अपनी ओर खींचने के लिए इस्तेमाल किया। वे अपनी जाति की गंध को फैलाते हुए, लोगों को बहका देते हैं, ताकि उन्हें अपने वश में कर सकें। राजनीतिक बाजार में, इस गंध की जगह अर्थशास्त्रियों की जगह गंधविद्या का काम करता है। लेकिन यहाँ की सच्चाई यह है कि कुछ लोग अपनी जाति या समाज की गंध के बिना ही उसी तरह से बड़े और महत्वपूर्ण हो जाते हैं। उनके पास कोई विशेष गंध नहीं होती, फिर भी वे लोगों को प्रभावित करने में सक्षम होते हैं। उनका मान लेना ही नहीं, बल्कि उन्हें अपना मानना शुरू हो जाता है।

राजनीतिक धुरंधरों के लिए यह सच्चाई स्वीकार करना मुश्किल है। वे चाहते हैं कि लोग उनके बिना गंध के भी उन्हें मानें, लेकिन इस बहुजातीय समाज में, उनके खुद की जाति या समाज के लोगों के लिए ही कुछ होना चाहिए। लेकिन वास्तविकता यह है कि जो लोग अपनी जाति या समाज की गंध को छोड़कर आगे बढ़ते हैं, वे ही अक्सर सबसे अधिक प्रभावित होते हैं। उनकी गंध का कोई स्थान नहीं होता, लेकिन वे लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने में सक्षम होते हैं। जातीय गंध में इतनी आकर्षण शक्ति होती है कि उससे कुछ भी हो सकता है।



लोग अपनी जाति के लोगों को अपनी ओर खींचने के लिए उस गंध का इस्तेमाल करते हैं। और जैसे ही वे उन्हें अपने बनाते हैं, उनका सीना गर्व से फूल जाता है। यह गंध इतनी शक्तिशाली होती है कि लोगों को अपने पड़ोस में रहने वाले भी उस गंध की दुर्गंध महसूस होती है।

देश में जातिवाद का अभिशाप इतना है कि यहां लोगों की पहचान उनकी जाति के आधार पर होती है। यही कारण है कि जातिवादी लोगों की आवाज़ और गुणों को बढ़ावा मिलता है, जबकि वहां दूसरे क्षेत्रों के लोगों को अनदेखा कर दिया जाता है। जातिवाद का फैलाव इतना गहरा है कि लोग अपनी जाति की गर्व से बातें करते हैं, और दूसरों को अपने गर्व की गंध से चिढ़ाते हैं। यह ऐसे लोगों के लिए एक प्रकार की आभासी ताकत बन चुका है, जो अपनी जाति के लोगों को अपने वश में करने का प्रयास करते हैं। जातिवाद के बादल इतने गहरे हैं कि वे अब देश के अन्य क्षेत्रों में भी छाये हुए हैं। लोगों को लगता है कि अगर वे अपनी जाति की गंध को नहीं फैलाएंगे, तो वे खुद को प्रमुख नहीं मानेंगे। यह सोचना गलत है, लेकिन यह वास्तविकता है।

जातिवादी लोग चाहते हैं कि उनकी जाति की गंध हर जगह हो, ताकि वे अपने विरोधियों को भी अपने वश में कर सकें। यह गंध इतनी प्रभावी है कि लोग उसे छोड़कर अपने विचारों को नहीं देखते, और उनकी जाति के आधार पर ही उनका मूल्यांकन करते हैं। इस तरह की जातिवादी सोच लोगों को अपने आत्मविश्वास से वंचित कर देती है, और उन्हें अपनी जाति के गर्व की गंध में डूबने के लिए मजबूर कर देती है। यह समाज के लिए एक खतरा है, क्योंकि यह विभाजन और संघर्ष का कारण बनता है।

**- डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'**

# राशिफल

वैशाख कृष्ण पक्ष : दशमी | (विक्रम संवत् 2081)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
कभी-कभी अच्छी चीजें अचानक से खुद-ब-खुद ही हो जाती हैं। जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव हो सकते हैं।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
हो सकता है किसी काम का भार आपके कंधों से हटा दिया गया हो या अटका हुआ कोई पेमेंट मिल गया हो।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
आप एक नए दृष्टिकोण के साथ फिर से शुरुआत करने के लिए तैयार हैं। आप जो कुछ भी सीख चुके हैं।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
हो सकता है कि आप हाल ही में थोड़ा उदास महसूस कर रहे हों। इन भावनाओं को समझने में कुछ टाइम स्पेन्ड करना बिल्कुल ठीक है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
पॉलिटिक्स में न उलझने के लिए एक शेड्यूल बनाने या नई जिम्मेदारियां लेने का प्रयास करें।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
हो सकता है कि आप किसी से प्यार करते हों, लेकिन उन्हें अभी तक इसका पता नहीं है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
हो सकता है किसी पुरानी चीज का अंत किसी नई चीज की शुरुआत के लिए जगह बना रहा हो। अपने काम पर ध्यान दें।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
आप किसी बात को लेकर प्रेशर महसूस कर रहे होंगे। आप वास्तव में किसी प्रश्न का उत्तर जानना चाहते हैं

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
भले ही दूसरे लोग आपको ऐसा न करने के लिए कह रहे हों। आज का राशिफल इस ओर इशारा कर रहा है

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
नायक नायिका की तरह चमकते हुए दिखाई पड़ रहे हैं। जरूरत के हिसाब से वस्तुएं जीवन में उपलब्ध होंगी।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
खर्च के अधिकता मन को परेशान करेगी। अज्ञात भय सताएगा। स्वास्थ्य ठीक-ठाक, प्रेम संतान की स्थिति अच्छी, व्यापार भी अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
खासकर जब हर किसी की इसके बारे में अपनी राय हो। आज के राशिफल के अनुसार, अगर आप अपने दिल की सुनेंगे।

# जनपद में होनी चाहिए फूड टेस्टिंग मोबाइल वैन : मनोज

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने जनपद में मिलावटी दूधके संबंध में सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम/नितिन मदान एडीएम प्रशासन को सौंपते हुए दूध एवं खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए जनपद गौतमबुद्धनगर में फूड टेस्टिंग मोबाइल वैन होनी चाहिए। फ्लाइंग स्क्वायड का गठन करने व जनपद में सैंपल की जांच के लिए प्रत्येक तहसील स्तर पर प्रशासन की ओर से एक निशुल्क ओपन टेस्टिंग सेंटर खोलने सहित कई मांग की।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने बृहस्पतिवार को सीएम को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपते हुए बताया कि जनपद गौतमबुद्धनगर में मिलावटी दूध के संदर्भ में बताया कि एफएसएसएआई के अनुसार देश भर में लगभग 70 प्रतिशत दूध के नमूनों को मिलावटी पाया गया। अपने जनपद में भी दूध का उत्पादन और मांग में भारी अंतर है, इसे लेकर व्यापारी दूध में मिलावट करते हैं, इसी कारण बच्चे और आम नागरिक बीमारियों का शिकार बनते हैं।



अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने मांग की है कि जनपद गौतमबुद्धनगर में फूड टेस्टिंग मोबाइल वैन होनी चाहिए, दूध एवं खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए फ्लाइंग स्क्वायड का गठन होना चाहिए, जिसमें एक प्रतिनिधि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का भी शामिल हो, जनपद में सैंपल की जांच के लिए प्रत्येक तहसील स्तर पर प्रशासन की ओर से एक निशुल्क ओपन टेस्टिंग सेंटर होना चाहिए, प्रशासन की ओर से जांच करने पर जब दूध में मिलावट की मात्रा पाई जाती है तो, इसका व्रहत रूप से प्रचार प्रसार सोशल मीडिया, अखबार आदि के माध्यम से होना चाहिए, ताकि आम नागरिक तक जागृति हो।

अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, सिंथेटिक और मिलावटी दूध के उत्पादन में शामिल किसी भी व्यक्ति के खिलाफ आपराधिक कार्यवाही की मांग करता है। ग्राहक पंचायत आपसे यह भी मांग करता है कि दूध में मिलावट की जिम्मेदारी तय की जाए जिस क्षेत्र में यह मिलावट पाई जाती है उस क्षेत्र के क्षेत्र-अधिकारी के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई हो। इस मौके पर अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत जिला अध्यक्ष मनोज मावी, प्रवीन कुमार सैन, रविंद्र चौधरी, शिवम मावी, कपिल भाटी, निर्देश प्रधान, सुशील प्रधान, बिरपाल मावी, प्रदीप तोमर आदि मौजूद रहे।

# जेईई मेन एडवांस में 615 छात्र उत्तीर्ण, 36 ने पाये 99 फीसदी अंक

**नई दिल्ली।** फिजिक्स वाला (पीडब्ल्यू) ने दिल्ली-एनसीआर में अपने विद्यापीठ केंद्र से जेईई मेन सैशन 2 परीक्षा के परिणामों की घोषणा की। यहाँ से 615 छात्रजेईई एडवांस में उत्तीर्ण हुए हैं, और 36 छात्रों ने 99 प्रतिशतता से अधिक अंक प्राप्त किए।

कुल मिलाकर, पूरे भारत में 4000 से अधिक विद्यापीठ छात्रों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। इनमें से 399 छात्रों ने 99 प्रतिशतता से अधिक अंक प्राप्त किए, जबकि 192 छात्रों ने प्रभावशाली 99.5 से अधिक अंक प्राप्त किए 7 इसके अतिरिक्त, विद्यापीठ के 118 छात्रों ने ऑल इंडिया रैंक (AIR), समान रैंक सूची (CRL) और श्रेणी रैंक सूचियों के तहत 1000 केअंदर रैंक हासिल किए।

दिल्ली-एनसीआर पीडब्ल्यू विद्यापीठ में, 15 छात्रों ने शीर्ष 1000 के तहत रैंक हासिल की,



जिनमें विनायक गुप्ता 200 (एआईआर), हिमांशु 283 (एआईआर) (जनरल-ईडब्ल्यूएस 31), जयेंद्र विजय बिरहाडे- 121 (एससी), आदित्य कुमार-136 (एससी), जो स्टार छात्र थे। यह परिणाम उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा प्रदान करने में पीडब्लू की सफलता को दर्शाता है जो छात्रों को उनके लक्ष्यों तकपहुँचने में सशक्त बनाता है।

पीडब्ल्यू के ऑफलाइन सीईओ अंकित गुप्ता ने कहा कि विद्यापीठ सेंटर्स के छात्रों को इतने ज्यादा अंक प्राप्त करते हुएदेखना हमें गर्व से भर देता है।

# राजस्व परिषद के अध्यक्ष के साथ हुई बैठक

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** राजस्व परिषद के अध्यक्ष रजनीश दुबे, मंडल आयुक्त मेरठ, डीएम गौतमबुद्धनगर के साथ कल समक्ष किसान सभा के प्रतिनिधियों की वार्ता हुई। समिति को शासन स्तर के मसलों पर अपनी आख्या मुख्यमंत्री को देनी है किसान सभा की ओर से किसानों का पक्ष डॉक्टर रुपेश वर्मा ने रखते हुए कहा कि किसानों का 10 प्रतिशत प्लाट का मुद्दा रखा गया।

इस अवसर पर संयोजक वीर सिंह नागर, महासचिव जगबीर नंबरदार, जिला उपाध्यक्ष गवरी मुखिया, जिला सचिव बिजेंद्र नागर, जिला उपाध्यक्ष अजब सिंह नेताजी,




जिला सचिव सुरेश यादव, जिला सचिव निशांत रावल, कोषाध्यक्ष अजय पाल भाटी, सुधीर रावल, किसान परिषद की ओर से सुखबीर खलीफा, उदल आर्य, सचिन एडवोकेट उपस्थित रहे।



**भारतीय किसान यूनियन बलराज संगठन के बैनर तले अनिश्चित कालीन धरना सेक्टर 142 नोएडा शहदरा गांव में आज 80वे दिन भी जारी रहा।**

# आरओ सिस्टम खराब, लोग परेशान

**दनकौर( चेतना मंच )।** हाल ही में दनकौर नगर पंचायत द्वारा कस्बे में विभिन्न स्थानों पर लोगों की प्यास बुझाने के लिए आरओ सिस्टम लगाए गए हैं। लेकिन रखरखाव ठीक नहीं होने के चलते लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

बृहस्पतिवार को कस्बे की वार्ड संख्या तीन के सभासद के प्रतिनिधि धर्मी भाटी, वार्ड नंबर 11 से सभासद जगदीश अग्रवाल समेत कई लोगों ने नगर पंचायत के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए लापरवाही का आरोप लगाया है। लोगों को कहना है कि कस्बे में रहने वाले और क्षेत्र के विभिन्न गांव से बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोगों को स्वच्छ जल उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। इसी के चलते दनकौर नगर पंचायत से कई बार मांग की गई जिसके फलस्वरुप कस्बे में विभिन्न स्थानों पर आरओ सिस्टम लगाए गए हैं।



सभासद के प्रतिनिधि धर्मी भाटी और कस्बे के रहने वाले दीपक सिंह के नेतृत्व में कई लोग सालारपुर रोड स्थित कब्रिस्तान के नजदीक मुख्य सड़क पर लगाए गए आरओ सिस्टम के पास पहुंचे। यहां पहुंच कर सभी ने आरोप लगाया कि कई दिन से आरओ सिस्टम खराब पड़ा है।

# चोरो के हौसले बुलंद, लोगों में आक्रोश

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** कुलेसरा गांव में 5 दिन से लगातार चोरी की घटनाएं घटित हो रही है लेकिन पुलिस चोरों को पकड़ने में पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है। बताया जाता है कि कुलेसरा गांव के डॉक्टर ब्रह्मपाल वाली गली में गत 2 दिन पूर्व घर का दरवाजा तोड़कर भाजपा नेता डॉक्टर दीपक कुशवाहा के दुकान से चोरों ने 40 हजार नगदी चुरा लिया था। इसकी शिकायत डॉक्टर दीपक कुशवाहा ने स्थानीय पुलिस से भी की थी उसके बाद चोरों की हौसले इस कदर बुलंद हुए कि उन्होंने लगातार चार अन्य घरों में भी चोरी की घटनाओं को अंजाम दे दिया पुलिस चोरों को पकड़ने में जहां असफल है वहीं स्थानीय लोगों में चोरी की घटनाओं को लेकर आक्रोश व्याप्त है एक तरफ पुलिस के आला अफसर कानून व्यवस्था बनाए रखने की बात करते हैं वही 5 दिन में पांच जगह चोरी होना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

# स्थानीय नेताओं की उपेक्षा भारी पड़ सकती है भाजपा को

**भदोही ( चेतना मंच )।** भारतीय जनता पार्टी को स्थानीय प्रत्याशी की उपेक्षा कहीं चुनाव पर भारी न पड़ जाए इसका अंदेशा अब भाजपा के लोगों को होने लगा है बताते चने की भदोही लोकसभा क्षेत्र 2008 में अपने अस्तित्व में आया था उसे समय भी भाजपा ने वर्तमान में केंद्रीय मंत्री एवं चंदौली जनपद के रहने वाले डॉक्टर महेंद्र नाथ पांडेय को चुनाव में उतारा था इसी तरह भाजपा चाहे वह भदोही लोकसभा सीट रही हो या मिर्जापुर भदोही लोकसभा सीट रहा हो हमेशा से बाहरी प्रत्याशियों को ही तरजीह दी गई 40 वर्षों में भाजपा ने एक भी स्थानीय प्रत्याशी को टिकट नहीं दिया इसको लेकर भदोही जनपद के लोगों में आक्रोश के साथ-साथ अफसोस दिखाई दे रहा है।



सूत्र बताते हैं कि भदोही की जनता के आक्रोश को देखते हुए पार्टी के बड़े नेता असमंजस की स्थिति में पड़ गए हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने एक बार फिर से चंदौली के रहने वाले एक अस्पताल संचालक डॉक्टर विनोद बिंद को मैदान में उतार है। डॉ विनोद बिंद का जैसे ही टिकट पार्टी ने घोषित किया। वैसे ही पूरे लोकसभा क्षेत्र में विशेष कर ब्राह्मण मतदाताओं में आक्रोश फैल गया। लोगों ने भाजपा प्रत्याशी का गांव-गांव में विरोध करना शुरू कर दिया। आने वाले समय में राजनैतिक ऊंट किस करवट बैठेगा यह तो भविष्य के गर्भ में है।

## जन्मदिन की बधाई



**तुम जियो हजारों साल**
**साल के दिन हों पचास हजार**

अखिल भारतवर्षीय ब्राम्हण महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पं. पीताम्बर शर्मा के पोत्र व कपिल शर्मा के सुपुत्र हर्षित गौड़ निवासी-ग्रेटर नोएडा के 18वें जन्मदिन पर चेतना मंच परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं

**चेतना मंच परिवार**

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

## पृष्ठ एक के शेष....

**युवती की अश्लील...**

इस आईडी पर उसकी तस्वीरो को एडिट कर पोस्ट किया गया है। इन तस्वीरों के साथ-साथ उसके मोबाइल नंबर को भी अपलोड किया गया है। युवती ने पुलिस से गुहार लगाई है कि उसके नाम से बनाए गए फर्जी इंस्टाग्राम आईडी को बंद कराया जाए और अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की जाए। पुलिस ने युवती की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है और आईपी एड्रेस के आधार पर आरोपी युवक की तलाश कर रही है।

**कार में बाइक से...**

बाइक गिरने के बाद दोनों युवक कार के शीशे पीटने लगे। इस दौरान उनकी पत्नी ने कार का शीशा नीचे किया तो एक युवक ने डैशबोर्ड पर रखा मोबाइल फोन उठा लिया और बाइक पर सवार होकर फरार हो गए। उसकी पत्नी ने शोर मचाकर बदमाशों का पीछा करने का प्रयास किया लेकिन वह हत्थे नहीं चढ़े। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

**लैपटॉप, आईफोन...**

वह और उसके साथी नेटवर्क पीपल सर्विसेज टेक्नोलॉजी में काम करते हैं। 6 मार्च को वह अपने साथी कर्मचारी चेतन कुमार, प्रदीप कुमार साहनी, सोनू दिवाकर व लक्ष्मी राज के साथ सेक्टर-62 में कार खड़ी कर दुकान से सामान लेने के लिए गए थे। कुछ समय बाद जब वह लौटे तो उन्हें कार का शीशा टूटा तथा डिग्गी खुली मिली। कार की डिग्गी से चोर 5 लैपटॉप, मोबाइल चार्जर, लैपटॉप चार्जर, पर्स, मोबाइल आदि को चोरी कर ले गए।

थाना सेक्टर 126 क्षेत्र के रायपुर खादर स्थित अनुज पैलेस पीजी में रहने वाले प्रशांत कुमार उपाध्याय ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि चोरों ने उनके कमरे से लैपटॉप, मोबाइल,पर्स, आई कार्ड, डेबिट कार्ड, आधार कार्ड आदि चोरी कर लिए हैं।पीड़ितो की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

**तीन किशोरियों...**

ने बताया कि उनकी बेटी को पिलखुवा जनपद हापुड निवासी शाहरुख बहला फुसलाकर भगा ले गया। उन्होंने दोनों की काफी तलाश की लेकिन कोई पता नहीं चला।

वहीं ईटा-1 सेक्टर में रहने वाले सुरेश (काल्पनिक नाम) ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी 13 वर्षीय बेटी घर से काम करने के लिए गई थी। इसके बाद वह वापस लेकर नहीं लौटी उसने जब अपनी बेटी की तलाश की तो पता चला कि उसे राहुल नाम का लड़का भगाकर ले गया है। सुरेश ने बताया कि राहुल उनके पड़ोस में ही रहता है। पुलिस का कहना है कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

**साया गोल्ड...**

सोसायटी में इतने ज्यादा लोगों के बीमार होने से सोसायटी के लोगों में आक्रोश है। शुरुआत में लोगों को पता नहीं चला कि आखिर लोग बीमार क्यों हो रहे हैं, लेकिन बाद में जब जानकारी की गई तो पता चला कि दूषित पानी पीने से सोसायटी में 200 से ज्यादा लोग बीमार हो गए हैं।

लोगों ने इसके विरोध में सोसायटी में शुक्रवार को हंगामा कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम सोसायटी में पहुंची है। काफी संख्या में लोग दवा ले रहे हैं।

लोगों ने बताया कि बच्चों को उल्टी-दस्त, पेट में दर्द सहित अन्य दिक्कत हो रही है। सोसाइटी में 1500 से ज्यादा फ्लैट हैं। बिल्डर इसका मेंटेनेंस देखता है।

**मंदिर के पुजारी...**

साथ मंदिर पहुंचा और मंदिर से हटाए जाने को लेकर उसके साथ गाली गलौज कर शुरू कर दी। उन्होंने जब इस बात का विरोध किया तो दोनों ने लोहे की रॉड व डंडे से उसके साथ मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान वह लहू लुहान होकर जमीन पर गिर पड़ा। शोर शराबा सुनकर आस पड़ोस के लोग मंदिर पहुंचे तो दोनों आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

**बीमार बच्ची को...**

इसलिए उसको ड्रॉप करा दिया गया। छात्रा के अभिभावकों ने चालू वर्ष-2024-25 में दाखिला करने के लिए प्रिंसिपल को लिखित में आवेदन किया लेकिन स्कूल प्रिंसिपल ने अरीबा को दाखिला देने से इंकार कर दिया। अभिभावकों ने जिलाधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक को भी पत्र लिखकर दाखिला दिलवाने की गुहार लगाई। जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रिंसिपल आशा प्रभाकर को पत्र लिखकर अरीबा को दाखिला दिलाने का अनुरोध किया लेकिन प्रिंसिपल ने किसी की नहीं सुनी। जब अभिभावक इस बाबत स्वयं प्रिंसिपल से मिलने स्कूल पहुंचे तो प्रिंसिपल ने उनसे मिलने से इंकार कर दिया तथा अरीबा को टीसी गेट पर भिजवा दी।

आल नोएडा स्कूल पैरेंट्स एसोसिएशन (एएनएसपीए) के अध्यक्ष यतेन्द्र कसाना तथा उपाध्यक्ष विकास बंसल भी अभिभावक के साथ स्कूल प्रिंसिपल से मिलने गये लेकिन प्रिंसिपल ने मिलने से इंकार कर दिया।

यतेन्द्र कसाना का कहना है कि बाल भारती स्कूल की प्रिंसिपल जिला प्रशासन की भी नहीं सुन रही है। उनकी सारी मानवीय संवेदनाएं मर चुकी हैं। यदि स्कूल ने छात्रा के साथ न्याय नहीं किया तो मजबूरन एएनएसपीए को स्कूल के बाहर धरना प्रदर्शन करना पड़ेगा।

## नाम परिवर्तन

मेरे केनरा बैंक के खाता संख्या 87782200001010 में मेरा नाम विनोद दर्ज है जबकि मेरा सही नाम विनोद कुमार है। भविष्य में मुझे विनोद कुमार पुत्र वीर चन्द निवासी म.न. 633, अट्टा, सेक्टर-27, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 के नाम से जाना जाये।


## उत्तर मध्य रेलवे

ई प्रापण निविदा सूचना संख्याः 02/2024-25 दिनांकः 01.05.2024

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ सामग्री प्रबन्धक वि0लो0शेड, झॉसी द्वारा निम्नलिखित मद के लिए ई-प्रापण निविदा आमंत्रित की जाती है।

| निविदा सं0:54241073D | मात्राः 08 नग | निविदा खुलने की तिथिः 21.05.2024 |
|---|---|---|
| विवरणः स्ट्राइकर कास्टिंग वियर प्लेट एज पर DRG.NO.A-4/2004/CNB/1921/5061/CB ALT- बी. | | |
| निविदा सं0:54241097 | मात्राः 18 नग | निविदा खुलने की तिथिः 21.05.2024 |
| विवरणः पेडस्टल कैप फॉर बोगी फ्रेम असेम्बली टू CLW DRG.NO. 01/3/12/17 ALT-2 | | |

नोटः उपरोक्त ई प्रापण निविदा का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट http://www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है। 774/24(DG)

North central railways | @CPRONCR | @northcentralrailway | www.ncr.indianrailways.gov.in

## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियाँ-2024 की संख्या में वृद्धि

पूर्व घोषित ग्रीष्मकालीन स्पेशल रेल सेवाओं के साथ-साथ निम्नलिखित अतिरिक्त ग्रीष्मकालीन रेल सेवाएँ भी निम्नानुसार संचालित की जायेंगी:-

**05219/05220 मुजफ्फरपुर जं.-आनन्द विहार(टर्मि.)-मुजफ्फरपुर जं. विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05219 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05219 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05220 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05220 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 18:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 11:00 | --- |
| 14:15 | --- | आनन्द विहार(टर्मि.) | --- | 16:00 |

चलने के दिनः 05219 मुजफ्फरपुर जं. से 04.05.2024 एवं 11.05.2024 (शनिवार) और 05220 आनन्द विहार(टर्मि.) से 05.05.2024 एवं 12.05.2024 (रविवार) को।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य;
ठहरावः बापूधाम मोतिहारी, सगौली जं., बेतिया, नरकटियागंज, बगहा, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन

**05251/05252 मुजफ्फरपुर जं.-आनन्द विहार(टर्मि.)-मुजफ्फरपुर जं. विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक) — 04 फेरे**

| रेलगाड़ी सं. 05251 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05251 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 05252 आगमन | रेलगाड़ी सं. 05252 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| --- | 18:00 | मुजफ्फरपुर जं. | 11:00 | --- |
| 14:15 | --- | आनन्द विहार(टर्मि.) | --- | 16:00 |

चलने के दिनः 05251 मुजफ्फरपुर जं. से 08.05.2024 एवं 15.05.2024 (बुधवार) और 05252 आनन्द विहार(टर्मि.) से 09.05.2024 एवं 16.05.2024 (रविवार) को।
स्थानः 3 टियर इकोनॉमी
ठहरावः बापूधाम मोतिहारी, सगौली जं., बेतिया, नरकटियागंज, बगहा, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., मुरादाबाद एवं गाजियाबाद स्टेशन

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा-हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
1332/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ





## खास खबर

# एयरबीएनबी ने लॉन्च किया आइकॉन्स

### बॉलीवुड स्टार जाह्नवी कपूर ने चेन्नई में अपने शानदार घर का दरवाजा मेहमानों के लिए खोला

**मुंबई, एजेंसी।** एयरबीएनबी लोगों के लिए नए तरह का अनुभव आइकॉन्स पेश कर रहा है इसके तहत दुनिया के मशहूर संगीतकार, फिल्म व टेलीविजन कलाकार और खिलाड़ी आदि मेहमानों का अलग अंदाज में स्वागत करेंगे। आइकॉन्स आपको एक ऐसी दुनिया में ले जाएंगे, जिसके बारे में अबतक आप केवल सोचा करते थे। आप चाहें फेरारी संग्रहालय में



सोएं या प्रिंस के पर्पल रेन हाउस में रहें या फिर बॉलीवुड आइकॉन जाह्नवी कपूर के समुद्र तट के समीप वाले घर में एक दिन बिताएं। आज, हम पूरे साल दुनिया भर में शानदार अनुभवों के साथ, एयरबीएनबी पर पहले 11 आइकॉन्स को पेश कर रहे हैं।

एयरबीएनबी के भारत, दक्षिण पूर्व एशिया, हांगकांग और ताइवान के जनरल मैनेजर अमनप्रीत बजाज ने कहा आइकॉन्स' ऐसे अनुभवों को जीवंत करते हैं जो जादुई और वास्तव में कल्पना से परे होते हैं आइकॉन्स लॉन्च के हिस्से के रूप में हम इस विशेष अभियान के लिए जाह्नवी कपूर के साथ साझेदारी करके रोमांचित हैं, जो जाह्नवी के समुद्र तट के समीप वाले घर की एक अभूतपूर्व झलक पेश करेगा। जाह्नवी कपूर ने इस मौके पर कहा मेरे सबसे प्यारी यादें चेन्नई स्थित हमारे घर में परिवार के साथ बिताई गर्मियों की हैं। यह जगह हमेशा एक आरामदायक जगह की तरह महसूस होती है, और मैं इस खास एहसास को अपने प्रशंसकों के साथ साझा करना चाहती हूं, यही वजह है कि मैं पहली बार एयरबीएनबी के जरिए अपने घर के दरवाजे खोल रही हूं।

## 300 रुपये के पार पहुंचे भेल के शेयर, रेलवे सिग्नलिंग बिजनेस के लिए हुई बड़ी डील

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महार प्रतिशत कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के शेयरों में गुरुवार को जबरदस्त तेजी आई है। भेल के शेयर गुरुवार को 6 पर्सेंट से अधिक की तेजी के साथ 300.20 रुपये पर पहुंच गए हैं। इसके साथ ही, भेल के शेयरों ने 52 हफ्ते का अपना नया हाई बनाया है। महार प्रतिशत कंपनी के शेयरों में यह



तेजी एक बड़ी डील के बाद आई है। भेल ने रेलवे सिग्नलिंग बिजनेस के लिए एचआइएमए मिडिल ईस्ट एफजेडई, दुबई के साथ स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप एग्रीमेंट किया है। भेल के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 77.30 रुपये है। एचआइएमए मिडिल ईस्ट एफजेडई रेलवे और प्रोसेस इंडस्ट्रीज में सेफ्टी से जुड़े ऑटोमेशन के लिए सॉल्यूशंस उपलब्ध कराती है। वहीं, भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) भारतीय रेलवे को लोकोमोटिव्स के लिए इलेक्ट्रिक्स, ट्रैक्शन मोटर्स, ट्रैक्शन अल्टरनेटर्स और ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर्स की सप्लाई कर रही है।

# हर शेयर पर मुनाफा बांट रही अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गौतम अडानी समूह की कंपनी- अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) का जनवरी-मार्च तिमाही में नेट प्रॉफिट 76.87 प्रतिशत बढ़ गया है। इस तिमाही में प्रॉफिट 2,014.77 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 1,139.07 करोड़ रुपये का लाभ कमाया था।

अडानी पोर्ट्स ने बीएसई को दी सूचना में बताया कि इस लॉजिस्टिक्स कंपनी की वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कुल आय बढ़कर 7,199.94 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले समान अवधि में 6,178.35 करोड़ रुपये थी। इस तिमाही में कुल खर्च बढ़कर 4,450.52 करोड़ रुपये हो गया, जो एक वर्ष पूर्व इसी तिमाही में 3,995 करोड़ रुपये था।

**डिविडेंड का ऐलान-** अडानी पोर्ट्स के बोर्ड ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए 6 रुपये (300 प्रतिशत) डिविडेंड का ऐलान किया है। यह डिविडेंड प्रस्ताव आगामी एजीएम में शेयरधारक के अनुमोदन के



अधीन है। बता दें कि अडानी पोर्ट्स के शेयर की कीमत 1349 रुपये से ज्यादा है। यह एक दिन पहले के मुकाबले 1.30 प्रतिशत से अधिक बढ़ गया। अप्रैल 2024 में इस शेयर की कीमत 1,425 रुपये थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई है।

**3.62 करोड़ मीट्रिक टन माल की ढुलाई-** अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने अप्रैल में 3.62 करोड़ मीट्रिक टन (एमएमटी) माल ढुलाई की। यह पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 12 प्रतिशत अधिक है। एपीएसईजेड ने कहा कि अधिकांश घरेलू बंदरगाहों पर वृद्धि दर्ज की गई, जिसमें धामरा बंदरगाह ने 43.8 लाख मीट्रिक टन अभी तक की सर्वाधिक मासिक माल ढुलाई की गई। उद्योगपति गौतम अडानी की कंपनी ने कहा कि लॉजिस्टिक्स सेग्मेंट में वृद्धि जारी रही। रेल क्षेत्र सालाना आधार पर पांच प्रतिशत वृद्धि के साथ 49,430 टीईयू और जीपीडब्ल्यूआईएस 26 प्रतिशत बढ़कर 1.8 एमएमटी रहा। बता दें कि अडानी समूह का एक हिस्सा एपीएसईजेड भारत में सबसे बड़ा बंदरगाह डेवलपर व ऑपरेटर है।

# जेवर बनवाना हुआ महंगा, फिर चढ़ें सोने-चांदी के भाव



**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी के कीमतों में गिरावट आने के बाद गुरुवार को फिर से इनके दाम में बढ़ोतरी देखी गई है। भारतीय वायदा बाजार में सोने-चांदी में उछाल आया है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोना 71,120 पर खुला था। सुबह 10:20 के आसपास इसमें लगभग 400 रुपए की तेजी दिखाई दे रही थी और मेटल 71,118 रुपए पर ट्रेड कर रहा था। पिछली क्लोजिंग 70,725 पर हुई थी। चांदी 175 रुपए की तेजी के साथ 80,045 रुपए प्रति किलोग्राम पर है। मंगलवार को सिल्वर 79,870 पर बंद हुआ।

**क्यों उछले सोना-चांदी के दाम-** अमेरिकी ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। फेडरल रिजर्व बैंक के मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी ने अपनी बैठक में लगातार सातवीं बार ब्याज दरों को स्थिर रखा है। हालांकि, फेड ने अब साल के आखिर में एक रेट कट की संभावना जताई है। इस बीच अंतरराष्ट्रीय बाजारों में गोल्ड में लगातार दूसरे दिन तेजी दर्ज की गई है। यूएस स्पॉट गोल्ड 0.3 प्रतिशत चढ़कर 2325 डॉलर प्रति औंस पर चल रहा था। पिछले सत्र में ये सीधा 1 पर्सेंट ऊपर चढ़ा था। यूएस गोल्ड फ्यूचर भी 1 पर्सेंट चढ़कर 2,334 डॉलर प्रति औंस पर चल रहा था।

हालांकि, गोल्ड में इस तेजी के पीछे फेड की ओर से अभी भी एक रेट कट में कटौती की संभावनाओं को माना जा रहा है। कम ब्याज दरों में बुलियन की कीमतें ऊपर जाती हैं। इससे गोल्ड को लेकर सेंटीमेंट में सुधार दिख रहा है।

**सर्राफा बाजार में सोने-चांदी के भाव-** अगर दिल्ली सर्राफा बाजार की बात करें तो मंगलवार को मेटल्स में गिरावट दर्ज की गई थी। राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 150 रुपए की गिरावट के साथ 72,600 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था। चांदी की कीमत भी 750 रुपए लुढ़ककर 83,750 रुपए प्रति किलो रह गई थी।

# वेटर की कमाई के आगे दुनिया का बड़े से बड़ा अरबपति भी फेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कभी वेटर रहे एक शख्स की इस चार महीने की कमाई के आगे दुनिया के बड़े से बड़ा अरबपति भी पिछड़ गया है। चाहे एलन मस्क हों या मार्क जुकरबर्ग या फिर दुनिया के सबसे अमीर बर्नार्ड अर्नाल्ट ही क्यों न हों, जेनसेन हुआंग से पिछड़ गए हैं। ब्लूमबर्ग बिलेनियर इंडेक्स के मुताबिक जेनसेन हुआंग इस साल कमाई में मार्क जुकरबर्ग को पछाड़ नंबर वन बन गए हैं।

जेनसेन हुआंग ने इस साल अबतक अपनी संपत्ति में 29.2 अरब डॉलर जोड़ने में कामयाब रहे। उनका कुल नेटवर्थ भले ही जुकरबर्ग के नेटवर्थ से काफी कम है, लेकिन इस साल इन्होंने कमाई में सभी को पीछे छोड़ दिया है। जेनसेन हुआंग 73.2 अरब डॉलर के नेटवर्थ के साथ दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 20वें स्थान पर हैं।

जुकरबर्ग इस मामले में दुनिया में दूसरे नंबर पर हैं। इन्होंने इस साल अबतक 28.3 अरब डॉलर की कमाई की है। इनका कुल नेटवर्थ 156 अरब डॉलर है। तीसरे नंबर पर अमेजन के पूर्व सीईओ जेफ बेजोस हैं। इनकी इस साल की कमाई 24.3 अरब डॉलर है। इनके पास 201 अरब डॉलर की संपत्ति है। एलन मस्क ने इस साल 37.5 अरब डॉलर गंवाया है। मस्क की कुल संपत्ति 191 अरब डॉलर रह गई है।



### कभी वेटर थे हुआंग

हुआंग कंप्यूटर प्रोसेसर और एआई टेक्नॉलजी की अग्रणी कंपनी एनवीडिया के चेयरमैन हैं। हुआंग ने 1993 में कंपनी की सह-स्थापना की और 1999 में पहली ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट पेश की। हुआंग ने कभी वेटर का भी काम किया लेकिन, आज इनकी गिनती दुनिया के सबसे अमीर लोगों में होती है।

### किस देश के मूल निवासी हैं हुआंग

1963 में ताइवान के ताइनान में जन्मे हुआंग का परिवार पहली बार थाईलैंड में रिलोकेट हुआ जब वह पांच साल के थे। नौ साल के थे तो दोनों भाई चाचा के साथ रहने के लिए टैकोमा, वाशिंगटन चले गए। अलोहा हाई स्कूल से ग्रैजुएशन किया।

## 14 दिन से टूट रहा था यह शेयर, 49 प्रतिशत गिर गया भाव, अब खरीदने की मची लूट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सन फार्मा एडवांस्ड रिसर्च कंपनी (एसपीएआरसी) लिमिटेड के शेयरों में 14 दिन की गिरावट पर ब्रेक लग गया है। सप्ताह के तीसरे कारोबारी दिन गुरुवार को इस शेयर ने 4 प्रतिशत तक की बढ़त हासिल की। ट्रेडिंग के दौरान शेयर की कीमत 243.85 रुपये तक पहुंच गई। बता दें कि लगातार 13 कारोबारी दिन तक इस शेयर में 5 प्रतिशत का लोअर सर्किट लगा और कुल 14 कारोबारी दिनों की गिरावट के दौरान यह 49 प्रतिशत गिर गया।

**गिरावट की वजह-** दरअसल, वोडोबेटिनिब को लेकर प्रोसीक स्टडी किया गया था। यह स्टडी पार्किंसंस रोग के रोगियों के लिए किया गया। स्टडी के रिजल्ट के मुताबिक वोडोबेटिनिब लेने वाले रोगियों को ट्रीटमेंट में कोई फायदा नहीं हुआ है। स्टडी में कहा गया है कि 442 मरीजों ने प्रोसीक स्टडी के पार्ट-1 को कंप्लीट किया था। अब कंपनी ने स्टडी को बंद करने का फैसला लिया है। यह कंपनी के लिए बड़ा झटका है। इसका अध्ययन पार्किंसंस रोग, लेवी बॉडी डिमेंशिया और अल्जाइमर के लिए किया जा रहा था। बता दें कि पार्किंसंस रोग एक प्रोगेसिव न्यूरोलॉजिकल डिसऑर्डर है। पार्किंसंस रोग के लिए वोडाबेटिनिब की अनुमानित अधिकतम बिक्री 5 बिलियन तक है।

## नवरत्न तेल सिरदर्द और तनाव संबंधी समस्याओं से प्रभावी राहत देता है: कपिल शर्मा

### ठंडे तेल का राजा नवरत्न, इस गर्मी में कॉमेडी किंग कपिल शर्मा और उनके गैंग के साथ और भी कूल हो जाएगा

**कोलकाता, एजेंसी।** इमामी लिमिटेड का आयुर्वेदिक ठंडे तेल मार्केट में अग्रणी ब्रांड, नवरत्न इस गर्मी में एक लाफ्टर चैलेंज लेकर आया है, जिसमें कपिल शर्मा अपने लाफ्टर फैमिली मेंबर्स किकू शारदा, गौरव गेरा और सुमोना चक्रवर्ती के साथ ब्रांड में शामिल हुए हैं।

टीवी विज्ञापनों और डिजिटल कंटेंट की एक नयी श्रृंखला में, नवरत्न तेल ने कपिल शर्मा और उनके सह-कलाकारों के साथ तेल को ठंडक का बादशाह, राहत का राजा के रूप में प्रस्तुत किया है जो आम आदमी के सामने आने वाले दैनिक तनावों और चुनौतियों से निपटने में मदद करता है। नवरत्न तेल की दो मिनट की चंपी (सिर की मालिश) राहत और आराम देती है और ठंडा ठंडा कूल कूल करती है।




श्री हर्षा वी.अग्रवाल, वाइस चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, इमामी लिमिटेड, ने इस यूनिक एंडोर्समेंट एसोसिएशन पर टिप्पणी करते हुए कहा, हमें अपने ब्रांड नवरत्न आयुर्वेदिक तेल के लिए कपिल शर्मा और उनकी अनोखी टीम के साथ जुड़कर खुशी हो रही है। हँसी मजाक तनाव दूर करने के लिए जाना जाता है और कपिल अपने अलग अंदाज में एक दशक से भी अधिक समय से लोगों को हंसा रहा है। नवरत्न, भारत का नंबर 1 ठंडा तेल है जो अपने लाखों ग्राहकों को दैनिक तनाव से राहत देता है, और कपिल शर्मा और उनकी टीम के बीच में एक प्राकृतिक सहजता है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि ब्रांड मैसेजिंग का यह नया दृष्टिकोण दर्शकों को हमारी और आकर्षित करने के लिए प्रभावी ढंग से काम करेगा। इस मौके पर कॉमेडियन, एक्टर, सिंगर और एंकर कपिल शर्मा ने कहा, नवरत्न आयुर्वेदिक तेल रोजमर्रा जीवन की चुनौतियों के कारण होने वाले सिरदर्द और तनाव संबंधी समस्याओं से प्रभावी राहत देता है। मेरी टीम और मैं तनाव से राहत, जीवन की कठिनाइयों और संकटों से मुक्ति के लिए हँसी मजाक को एक शक्तिशाली उपाय के रूप में उपयोग करने का प्रयास करते हैं। नवरत्न और हम हँसी मजाक के माध्यम से जो राहत देने की कोशिश कर रहे हैं, उसमें एक स्वाभाविक तालमेल है, जो हमारे सहयोग के लिए बिल्कुल उपयुक्त है।

# बजाज आलियांज़ लाइफ ने अपने भागीदारी वाले उत्पादों के लिए की अब तक के उच्चतम बोनस की घोषणा

### वित्त वर्ष 2024 के लिए घोषित 1,383 करोड़ रुपये के बोनस से 11.66 लाख से अधिक पॉलिसीधारक लाभान्वित होंगे

BAJAJ Allianz

LIFE GOALS. DONE.

**पुणे एजेंसी।** भारत की अग्रणी निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज लाइफ ने लगातार 23वें साल बोनस की घोषणा की है! यह उन 11.66 लाख से अधिक पॉलिसीधारकों के लिए है जिन्होंने कंपनी के भागीदारी (भागीदारी) वाले उत्पादों में निवेश किया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 के लिए 1,383 करोड़ रुपये के बोनस की घोषणा की है जो कंपनी के इतिहास में अब तक का उच्चतम बोनस है।

पारंपरिक भागीदारी (लाभ के साथ) वाली पॉलिसी के पॉलिसीधारक इस बोनस के पात्र हैं, जिसकी घोषणा भागीदारी वाले (लाभ के साथ) फंड के तहत पैदा अधिशेष (सरप्लस) के आधार पर की जाती है। 31 मार्च, 2024 तक लागू भागीदारी वाली पॉलिसी सभी इस बोनस को प्राप्त करने योग्य हैं। बजाज आलियांज़ लाइफ फ्लेक्सी इनकम गोल, बजाज आलियांज़ इलीट एश्योर, बजाज आलियांज़ लाइफ एस जैसे भागीदारी वाले उत्पादों के पॉलिसीधारक घोषित बोनस से लाभान्वित होंगे। वित्त वर्ष 2024 का बोनस वित्त वर्ष 2023 के बोनस से 15त्न अधिक है। वित्त वर्ष 2023 में यह 1,201 करोड़ रुपये था।

बजाज आलियांज़ लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी, श्री तरुण चुघ ने कहा, हमें अपने दो दशक से अधिक के इतिहास में अब तक के सबसे उच्चतम स्तर के बोनस की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। यह हर तरह से अपने ग्राहकों के दीर्घकालिक जीवन लक्ष्यों को सक्षम करने पर हमारे फोकस का प्रतिबिंब है। हमारी निवेश रणनीतियां हमारे बेहतरीन मूल्य वाले उत्पादों का समर्थन करती हैं और यह सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई हैं कि हम अपने ग्राहकों को हर साल उनके जीवन लक्ष्यों के करीब लाते जाएं। इस बोनस की घोषणा उस दिशा में एक आवश्यक कदम है। हम अपने ग्राहकों के जीवन लक्ष्यों के लिए अथक प्रयास करना जारी रखेंगे और ऐसी घोषणाओं के माध्यम से हम कंपनी पर उनके भरोसे का सम्मान करते रहेंगे।

## आईआईटी मद्रास बी.एस. डेटा साइंस के 2,500 विद्यार्थियों को इसकी मदद से जॉब और प्रमोशन मिला

**चेन्नई, एजेंसी।** डेटा साइंस और एप्लिकेशन में आईआईटी मद्रास की बीएस डिग्री के चार साल पूरे हो रहे हैं। संस्थान ने अब तक इस प्रोग्राम के 2,500 से अधिक छात्रों को नौकरी या पदोन्नति लेने में सक्षम बनाया है। 850 से अधिक छात्र कॉर्नेल यूनिवर्सिटी और जॉर्जिया इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यूएस और आल्टो यूनिवर्सिटी, फिनलैंड जैसे प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के मास्टर और पीएचडी प्रोग्राम में प्रवेश लेने में सफल रहे हैं। इतना ही नहीं, बहुत से विद्यार्थी अपने प्राथमिक डोमेन से स्ट्रीम बदल कर कंप्यूटर साइंस या डेटा साइंस में प्रवेश ले चुके हैं। . जून 2020 में शुरू किया गया यह एक अभूतपूर्व प्रोग्राम है, जो आईआईटी मद्रास से पढ़ने के इच्छुक छात्रों का सपना जेईई की कठिन परीक्षा दिए बिना संभव बनाता है। वर्तमान में पूरे भारत के 27,000 से अधिक छात्र इस प्रोग्राम में नामांकित हैं। पढ़ाई ऑनलाइन होती है और परीक्षाएं फिजिकल मोड में होती है। पूरे देश और विदेशों में भी कुल 150 केंद्रों पर परीक्षाएं आयोजित की जाती हैं। इस तरह बीएस डिग्री के माध्यम से संस्थान ने भौगोलिक और उम्र जैसी बाधाओं को दूर कर विद्यार्थियों को आईआईटी की उच्च गुणवत्ता के साथ उच्च शिक्षा जन-जन के लिए सुलभ बना दिया है।

## रियलमी ने सबसे तेज एंट्री लेवल स्मार्टफोन रियलमी सी65 5जी पेश किया

**मुंबई एजेंसी।** सबसे भरोसेमंद सेव प्रदाता, रियलमी ने आज अपनी चैंपियन सीरीज़ रियलमी सी सीरीज़ में रियलमी सी65 5जी लॉन्च किया इस नए स्मार्टफोन में कई इनोवेटिव फीचर्स के साथ शानदार डिज़ाईन है जो यूज़र्स को स्मार्टफोन का बेहतर अनुभव प्रदान करेगा। रियलमी सी सीरीज़ अपनी आधुनिक फास्ट चार्जिंग, कैमरा टेक्नोलॉजी, और डिज़ाईन के लिए उद्योग में कई मानक स्थापित कर चुकी है। सी सीरीज़ का हर नया स्मार्टफोन चार महत्वपूर्ण क्षेत्रों: चार्जिंग, कैमरा, स्टोरेज, और डिज़ाईन में बेहतरीन और आकर्षक अपडेट्स के साथ सेगमेंट का नेतृत्व कर रहा है।



इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा रियलमी में हम हर व्यक्ति को टेक्नोलॉजी की ताकत देना चाहते हैं आज इनोवेशन के हमारे इस सफर का एक महत्वपूर्ण क्षण है जब हम अपनी लोकप्रिय सी सीरीज़ में अत्याधुनिक स्मार्टफोन, रियलमी सी65 5जी लॉन्च कर रहे हैं। मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 5जी चिपसेट के साथ दुनिया के पहले स्मार्टफोन के रूप में रियलमी सी65 5जी अपनी बेहतर परफॉर्मेंस और आधुनिक फीचर्स द्वारा यूज़र के अनुभव में परिवर्तन ला देगा। हमारी रियलमी सी सीरीज़ हमेशा से लोगों को इनोवेटिव टेक्नोलॉजी प्रदान करती आई है और किफायती मूल्य में इतने आधुनिक फीचर्स के साथ इस सीरीज़ ने उद्योग में अपनी एक अलग पहचान बना ली है।

अनुज सिद्धार्थ, डिप्टी डायरेक्टर, मार्केटिंग एवं कम्युनिकेशंस, मीडियाटेक ने कहा मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 5जी स्मार्टफोंस में तीव्र गेमिंग और बेहतरीन कैमरा क्वालिटी को सपोर्ट करता है बैटरी लाईफ बढ़ाने के लिए इसमें टीएसएमसी 6एनएम-क्लास चिप होती है। उन्होंने आगे कहा रियलमी सी65 5जी में मीडियाटेक डायमेंसिटी 6300 मीडियाटेक 5जी अल्ट्रासेव 3.0. के साथ आता है जो बेहतरीन एफिशियंसी, परिस्थिति के अनुरूप इंटैलिजेंट विशेषताएं, मीडियाटेक हाईपरइंजन गेमिंग टेक्नोलॉजी प्रदान करता है, और 108 मेगापिक्सल कैमरा सेंसर को सपोर्ट कर बिलियन कलर डिस्प्ले के साथ काफी विस्तृत फोटो संभव बनाता है।''

## आईपीएल का 51वां मुकाबला

# बॉलिंग या बैटिंग में, वानखेड़े में किसका चलेगा जोर



**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स अपनी कमजोरियों से पार पाने के इरादे से उतरेगी। नौ मैचों में छह जीत के बाद 12 अंक लेकर केकेआर तालिका में दूसरे स्थान पर है और प्लेआफ में उसकी जगह लगभग पक्की लग रही है। खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस के खिलाफ शुक्रवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स अपनी कमजोरियों से पार पाने के इरादे से उतरेगी। नौ मैचों में छह जीत के बाद 12 अंक लेकर केकेआर तालिका में दूसरे स्थान पर है और प्लेआफ में उसकी जगह लगभग पक्की लग रही है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम को हालांकि हर विभाग में लगातार अच्छा प्रदर्शन करके किसी तरह की कोताही से बचना होगा।

केकेआर ने पिछले छह में से तीन मैच गंवाये हैं और पंजाब किंग्स ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करके उसे हराया लेकिन फिर केकेआर ने वापसी करके दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से मात दी। बल्लेबाजी में अति आक्रामक रवैये का केकेआर को फायदा मिला है लेकिन गेंदबाजी में सुधार की गुंजाइश है। मिचेल स्टार्क प्रति ओवर 12 की दर से रन लुटा रहे हैं और उन्हें सात ही विकेट मिले हैं। बल्लेबाजों की मददगार पिचों पर आस्ट्रेलिया का यह तेज गेंदबाज कोई कमाल नहीं कर पा रहा। हर्षित राणा ने सर्वाधिक 11 विकेट लिए हैं लेकिन दिल्ली के अभिषेक पोरेल के विकेट पर अति आक्रामक जश्न मनाने के कारण उन पर एक मैच का प्रतिबंध लगा है। वैभव अरोड़ा ने पांच मैचों में नौ विकेट लिये हैं। वानखेड़े स्टेडियम बल्लेबाजों की मददगार पिच के लिए मशहूर है और इस पर 200 से अधिक का स्कोर बनना तय है। ऐसे में नजरें रिंकू सिंह पर भी होंगी। जिन्हें टी20 विश्व कप के लिए भारत की मुख्य टीम में जगह नहीं मिलने से काफी बहस हो रही है। उन्हें इस साल आईपीएल में खेलने का अधिक समय ही नहीं मिल सका। दूसरी ओर मुंबई प्लेआफ की दौड़ से लगभग बाहर लग रही है हालांकि उसे पांच मैच और खेलने हैं। इनमें सभी जीतने पर भी उसके 16 ही अंक होंगे, जो प्लेआफ में जगह बनाने के लिए शायद कम होंगे। जसप्रीत बुमराह (14 विकेट) और गेराल्ड कोएत्जी (13 विकेट) मुंबई के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे हैं लेकिन एक ईकाई के रूप में टीम गेंदबाजी में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी है। बल्लेबाजी में तिलक वर्मा ने तीन अर्धशतक समेत 343 रन बनाए हैं लेकिन बाकी बल्लेबाज नाकाम ही रहे हैं। ईशान किशन लगातार अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं और पावरप्ले में विकेट गंवाना मुंबई की कमजोरी रही है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 158.29 की स्ट्राइक रेट से रन बनाये हैं लेकिन लगातार बड़ी पारियां नहीं खेल सके हैं। विश्व कप से पहले उनके फॉर्म पर भी नजरें होंगी व हीं सूर्यकुमार यादव ने दो अर्धशतक बनाए हैं।

### संभावित टीमें इस प्रकार

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्ज़ी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड।

**कोलकाता नाइट राइडर्स:** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान।

## भारतीय महिला हॉकी टीम में बड़ा बदलाव

# सलीमा टेटे बनीं कप्तान



**नई दिल्ली।** दरअसल मिडफील्डर सलीमा टेटे को सविता पूनिया की जगह टीम की कमान सौंपी गई है। बता दें कि इस महीने के आखिर में होने वाले एचआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिए भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। भारतीय महिला हॉकी टीम में बड़ा बदलाव हुआ है। दरअसल मिडफील्डर सलीमा टेटे को सविता पूनिया की जगह टीम की कमान सौंपी गई है। बता दें कि इस महीने के आखिर में होने वाले एचआईएच प्रो लीग के बेल्जियम और इंग्लैंड चरण के लिए भारत की 24 सदस्यीय महिला हॉकी टीम का कप्तान चुना गया है। जबकि नवनीत कौर को उपकप्तान चुना गया है। वहीं सलीमा ने हॉकी इंडिया द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा कि मुझे खुशी है कि टीम की कप्तानी दी गई है। यह बड़ी जिम्मेदारी है और मैं इसे लेकर उत्साहित हूं। हमारे पास मजबूत टीम है, जिसमें अनुभवी और युवा खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा, 'एफआईएच प्रो लीग के आगामी बेल्जियम और इंग्लैंड चरण में हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। हमें अपनी कमजोरियों से पार पाना है।' सविता ओलंपिक क्वालीफायर और उसके बाद प्रो लीग मैचों में भारत की कप्तान रही थी। बेल्जियम में मैच 22 से 26 मई तक और इंग्लैंड में 1 से 9 जून तक होंगे। भारत का सामना पहले चरण में दो बार अर्जेंटीना और बेल्जियम से होगा। लंदन चरण में टीम ब्रिटेन और जर्मनी से खेलेगी।

### भारतीय महिला टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर :** सविता, बिछू देवी खारीबाम

**डिफेंडर :** निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, मोनिका, ज्योति छत्री, महिमा चौधरी

**मिडफील्डर :** सलीमा टेटे (कप्तान), वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नवनीत कौर, नेहा, ज्योति, बलजीत कौर, मनीषा चौहान, लालरेम्सियामी

**फॉरवर्ड :** मुमताज खान, संगीता कुमारी, दीपिका, शर्मिला देवी, प्रीति दुबे, वंदना कटारिया, सुनेलिता टोप्पो, दीपिका सोरेंग।

# कनाडा ने टी20 विश्व कप 2024 के लिए टीम की घोषणा की

**ओटावा (कनाडा)।** क्रिकेट कनाडा ने आगामी टी20 विश्व कप के लिए गुरुवार को अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा की। ऑलराउंडर साद बिन जफर आईसीसी टूर्नामेंट में कनाडाई टीम का नेतृत्व करेंगे। ऑर्थोडॉक्स स्पिनर और कप्तान साद टीम में भरपूर अनुभव लाएंगे, बल्लेबाज एरोन जॉनसन और तेज गेंदबाज कलीम सना के भी टीम में हिस्सा लेने की संभावना है, जहां सिर्फ चार खिलाड़ी 30 साल से कम उम्र के हैं। टीम में निखिल दत्ता और श्रीमंथा विजेरत्ने के लिए कोई जगह नहीं थी। इस बीच तजिंदर सिंह रिजर्व के रूप में आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के लिए यूएसए और वेस्टइंडीज की यात्रा करेंगे। आगामी आईसीसी इवेंट टी20 विश्व कप में कनाडा की पहली भागीदारी होगी। सह-मेजबान अमेरिका, भारत, पाकिस्तान और आयरलैंड के साथ समूह में रखा गया है।




### कनाडा टी20 विश्व कप 2024 टीम

साद बिन जफर (कप्तान), आरोन जॉनसन, दिलोन हेलिगर, दिलप्रीत बाजवा, हर्ष ठाकेर, जेरेमी गॉर्डन, जुनैद सिद्दीकी, कलीम सना, कंवरपाल ताथगुर, नवनीत धालीवाल, निकोलस किर्टन, परगट सिंह, रविंदरपाल सिंह, रेय्यन खान पठान, श्रेयस मोव्वा।

**रिजर्व :** तजिंदर सिंह, आदित्य वरदराजन, अम्मार खालिद, जतिंदर मथारू, परवीन कुमार।

# दीपक चाहर की चोट पर CSK के कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने दिया अपडेट



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने तेज गेंदबाज दीपक चाहर की चोट के बारे में अपडेट दिया और कहा कि 31 वर्षीय खिलाड़ी 'अच्छे नहीं दिखते'। बुधवार को पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के मुकाबले के दौरान चाहर गेंदबाजी करते समय चोट लगने के बाद मैदान से बाहर चले गए। उन्हें दूसरी पारी का पहला ओवर दिया गया। दूसरी डिलीवरी के तुरंत बाद सीएसके के गेंदबाज ने कप्तान रुतुताज गायकवाड़ से बात की और अपने स्पेल में सिर्फ दो गेंदें फेंकने के बाद मैदान से बाहर चले गए। चाहर के स्पेल की बाकी चार गेंदें पूरी करने के लिए शार्दुल ठाकुर को बुलाया गया। मैच के बाद फ्लेमिंग ने कहा कि चाहर की चोट बहुत अच्छी नहीं थी। उन्होंने कहा कि सीएसके टीम प्रबंधन "अधिक सकारात्मक रिपोर्ट" की प्रतीक्षा कर रहा है। मुख्य कोच ने कहा कि तुषार देशपांडे इस समय फ्लू से पीड़ित हैं जिसके कारण उन्हें अंतिम एकादश में शामिल नहीं किया गया है। फ्लेमिंग ने कहा, 'दीपक चाहर अच्छे नहीं दिखते। शुरुआती अहसास अच्छा नहीं था। इसलिए हम और सकारात्मक रिपोर्ट का इंतजार कर रहे हैं। फिजियो और डॉक्टर देखेंगे। श्रीलंकाई लड़के वीजा लेने के लिए रवाना हो गए हैं। इसलिए हम उम्मीद कर रहे हैं कि उनकी प्रक्रिया ठीक रहेगी। हम उन्हें उत्तर में (धर्मशाला में) अपने अगले मैच के लिए वापस ले आए। रिचर्ड ग्लीसन अच्छे थे, तुषार देशपांडे को फ्लू हो गया था।

# हसन अली, हारिस रउफ की पाक टी20 टीम में वापसी

**नई दिल्ली।** ओसामा मीर और जमान खान को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए 18-सदस्यीय पाकिस्तानी द ल में जगह नहीं मिली है। 2022 में अपना आख़िरी टी20आई खेलने वाले हसन अली की वापसी हुई है। पाकिस्तान सुपर लीग (PSL) में चोटिल होने वाले हारिस रउफ और आगा सलमान भी टीम में वापस आए हैं। न्यूज़ीलैंड के ख़िलाफ सीरीज में चोट के कारण नहीं खेलने वाले मोहम्मद रिज़वान, आज़म ख़ान और इरफ़ान ख़ान भी टीम में वापस आए हैं। वहाब रियाज़ ने कहा, रिज़वान, हारिस, इरफ़ान और आज़म की चोटों का मूल्यांकन किया जा रहा है और उसमें महत्वपूर्ण सुधार हुआ है।




### पाकिस्तानी दल

बाबर आजम (कप्तान), अबरार अहमद, आज़म ख़ान, फ़ख़र ज़मान, हारिस रउफ़, हसन अली, इफ्तिख़ार अहमद, इमाद वसीम, अब्बास अफ़रीदी, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद रिज़वान (विकेटकीपर), इरफ़ान ख़ान, नसीम शाह, सईम अयूब, सलामान अली आग़ा, शादाब ख़ान, शाहीन शाह अफ़रीदी, उस्मान ख़ान।

# इंडोनेशिया से 1-4 से हारा भारत ग्रुप सी में दूसरे स्थान पर रहा




गत चैंपियन भारत बुधवार को यहां थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंडोनेशिया की मजबूत टीम के खिलाफ 1-4 से हार गया और अपने ग्रुप में शीर्ष पर नहीं पहुंच पाया। भारत और इंडोनेशिया दोनों पहले ही अपने शुरुआती दोनों मैच जीतकर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं लेकिन इंडोनेशिया ग्रुप सी के विजेता के रूप में नॉकआउट में जाएगा। इस मुकाबले में हार के बावजूद भारत के लिए सकारात्मक पक्ष एच एस प्रणय रहे जिन्होंने स्वास्थ्य समस्याओं से उबरकर वापसी करते हुए जीत दर्ज की।

थॉमस कप 2022 के फाइनल भारत ने इंडोनेशिया को ही 3-0 से हराकर खिताब जीता था। पुरुष एकल में भारत के नंबर एक खिलाड़ी प्रणय ने शुरुआती मैच में पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए एंथनी गिंटिंग को 13-21, 21-12, 21-12 से हराकर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। पहले पुरुष युगल मैच में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बागस मौलाना से हार गई। इसी जोड़ी ने पिछली ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में भारतीय जोड़ी को हराया था। इंडोनेशिया की जोड़ी ने सात्विक और चिराग को 22-24, 24-22, 21-19 से हराया जिससे मुकाबला 1-1 से बराबर हो गया।

लक्ष्य सेन इसके बाद ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के पुरुष एकल विजेता जोनाथन क्रिस्टी से 18-21, 21-16, 17-21 से हार गए जिससे भारत 1-2 से पिछड़ गया। 22 वर्षीय लक्ष्य ने नेट पर अपने प्रभावशाली खेल से दूसरा गेम जीतकर उम्मीदें जगाई थीं लेकिन तीसरे और निर्णायक गेम में क्रिस्टी ने बाजी मार ली। चौथे मैच में भारत के ध्रुव कपिला और साई प्रतीक को लियो रोली कार्नांडो और डेनियल मार्थिन ने सीधे गेम में 22-20, 21-11 से हराकर इंडोनेशिया को 3-1 की विजयी बढ़त दिलाई। मुकाबले के अंतिम मैच में किदांबी श्रीकांत भी चिको ऑरा ड्वी वार्डोयो से हार गए। श्रीकांत ने पहला गेम 21-19 से जीता लेकिन दूसरा और तीसरा गेम क्रमश: 22-24, 14-21 से हार गए। इससे पहले गिंटिंग के खिलाफ प्रणय पहले गेम में बुरी तरह से पिछड़ गए लेकिन उन्होंने अगले दो गेम जीतकर 2024 की अपनी सर्वश्रेष्ठ जीत में से एक दर्ज की। प्रणय ने मैच के बाद कहा, ''मुझे पता था कि गिंटिंग पहले गेम में काफी तेजी से खेलने वाला है। लेकिन मुझे पता था कि अगर मैं दूसरे गेम में 13-13 या 14-14 के स्कोर तक बना रहा तो मेरे पास मौका है।'' इस बीच यह पुष्टि हो गई है कि भारतीय महिला टीम उबेर कप के क्वार्टर फाइनल में जापान से भिड़ेगी।

**भारत और इंडोनेशिया दोनों पहले ही अपने शुरुआती दोनों मैच जीतकर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं लेकिन इंडोनेशिया ग्रुप सी के विजेता के रूप में नॉकआउट में जाएगा।**

बालाजी कन्सट्रक्शन कम्पनी



शॉप नं0 14, ओम कॉम्प्लेक्स, नया बॉस, सेक्टर-15, नोएडा (गौतमबुद्धनगर)

फोन- 0120- 2321857

मो0- 9811082962







हेयरकट करवाना है तुम्हें, पर समझ नहीं आ रहा कि कौन-सा करवाएं। घर पर कोई बताने वाला भी नहीं है। हम है न! हम बताते हैं कि इस साल कौन-सा हेयरकट हिट रहेगा?

# हेयरकट हिट जलवा फिट

**मम्मा** की पसंद का हेयरकट बहुत करवा लिया। कैटरीना, करीना और प्रियंका चोपड़ा जैसा हेयरकट करवाना है तुम्हें, पर मम्मा है कि समझती नहीं हैं। उन्हें लगता है कि तुम पढ़ाई में कम और फैशन में ज्यादा ध्यान देने लगी हो। अब ये बात उन्हें कौन समझाए कि हेयरकट करवाने से तुम कितनी स्मार्ट दिखोगी। सब तारीफ करेंगे तुम्हारी और ये सब मम्मा को अच्छा लगेगा ही। जल्दी से मम्मा को मनाओ कि तुम अपना हेयरकट करवाना चाहती हो, ताकि सब उनसे तुम्हारी तारीफ कर सकें। लेकिन, 2010 के ट्रेंड को ध्यान में रखकर ही हेयरकट करवाना।

**एक्स्ट्रा शॉर्ट ब्लॉन्ड:** तुम्हारे बाल पतले और हल्के हैं, तो तुम पर ये हेयरकट सूट करेगा, क्योंकि घने बालों पर ही थोड़े लंबे हेयरकट अच्छे लगते हैं, लेकिन इस तरह का हेयरकट हार्ट शेप या ओवल शेप वाले चेहरे पर ही अच्छा लगता है। ये हेयरकट आसानी से कैरी हो जाते हैं। इन्हें आप रोज शैंपू कर सकते हैं। अब मौसम बदल रहा है। एकाध महीने में गर्मियां भी आ जाएंगी। उसके बाद तो मन करेगा कि रोज बाल धोएं। तुम्हारे बालों की क्वालिटी कुछ ऐसी ही है, तो फटाफट अपना हेयरकट करवा डालो।


**बॉब कट:** प्रियंका चोपड़ा तो तुम्हें जरूर पसंद होगी। उसका फिगर और हेयरकट है ही बड़ा कमाल का। प्रियंका ने प्यार इंपॉसिबल के लिए जो हेयरकट करवाया है, वो यही तो है। छोटे-छोटे बाल कानों तक। अगर तुम्हारा फिगर भी कुछ ऐसा ही है, तो यकीनन तुम पर ये हेयरकट सूट करेगा। कर्ली और वेवी बालों पर भी बॉब कट सूट करता है। इस हेयरकट की सबसे अच्छी बात यह है कि सब तरह के फेसकट पर सूट करता है।

**बैंग्स:** बैंग्स सुनने में बड़ा अटपटा लगता है, पर है वही पुराना साधना कट जैसा। कुछ-कुछ वैसा ही दिखता है। आगे की तरफ गिरे हुए बाल। कैटरीना कैफ आजकल बैंग्स हेयरकट में दिखती है। पता है, इस हेयरकट में तुम बार्बी डॉल जैसी दिखोगी। लेकिन किसी ऐरू-गेरू पॉर्लर से ये हेयरकट मत करवाना। किसी ढंग के पार्लर में जाकर ही हेयरकट करवाना। उन्हें पता रहता है कि बाल कैसे काटने हैं। थोड़ा खर्च होगा पर तुम्हारे दोस्त कम से कम तुम्हारी हंसी नहीं उड़ाएंगे।

**पिक्सी:** शॉर्ट हेयरस्टाइल में पिक्सी सबसे ट्रेंडी हेयरकट है, लेकिन ये पतले चेहरे पर ही अच्छा लगते हैं। इसे मैंटेन करना भी आसान है। पिक्सी में चॉपी और शैगी दो ऑप्शन हैं। पिक्सी हेयरकट पीछे से छोटे और आगे से थोड़े गिरे हुए होते हैं। ये हेयरकट सबसे ज्यादा ट्रेंडी और मॉडर्न लुक देता है। तुम्हारे बाल अगर बढ़ते नहीं हैं, तो आंख मूंदकर ये हेयरकट करवा लो। इसी बहाने थोड़ी स्टाइलिश दिखोगी।

**बन हेयरस्टाइल:** बन बनाने के लिए टाइम चाहिए होता है। दीपिका पादुकोण अक्सर साड़ी में इसी हेयर स्टाइल के साथ दिख चुकी है। बन थोड़े लंबे बालों में ही बन पाता है। बाल कम से कम कंधों तक तो हों, वरना बन बनाने में असुविधा होती है। अगर तुम हेयरकट नहीं करवाना चाहती और फैमिली की शादी में तुम्हें स्टाइलिश भी दिखना है, तो इसी हेयरस्टाइल में वहां जाना।

**सेडू हेयरस्टाइल:** सेडू यानी सिडक्टिव हेयरकट। थोड़े लंबे और चमकदार बालों में ही सेडू हेयरकट बनता है। सेडू हेयरस्टाइल में हर तरह के कर्ली और वेवी बालों पर सूट करते हैं। तुम्हारे बाल लंबे, चमकदार और स्ट्रेट हैं, तो तुम इस हेयरस्टाइल में स्मार्ट दिखोगी। फ्रिंज हेयरकट तुम अपने चौड़े माथे से परेशान हो और कुछ करवाना चाहती हो, ताकि तुम्हारा माथा छिप सके। फिर हम तुम्हें यह हेयरकट रखने की सलाह देंगे, क्योंकि इससे तुम्हारा चौड़ा माथा छुप जाएगा। हॉलीवुड अभिनेत्री कैट मॉस यही हेयरकट रखती हैं।





# घर संभालने की कला

**दोस्तों** घर का हिसाब-किताब करना हो या रिश्तेदारी निभाना, घरेलू मोर्चा संभालने की जिम्मेदारी तो महिलाओं पर ही रहती है। अक्सर पुरुषों को इन मामलों में फिसड्डी ही समझा जाता है, लेकिन कुछ समय पहले हुए एक शोध के मुताबिक कहानी कुछ और ही है। कैलिफोर्निया में हुए इस शोध का कहना है कि अगर पुरुषों को मौका दिया जाए तो वे एक अच्छे होम मेकर साबित हो सकते हैं। तकरीबन 350 महिलाओं और पुरुषों पर किए गए इस अध्ययन के दौरान यह पाया गया कि अगर एक बार उन्हें घर संभालने की जिम्मेदारी दे दी जाए तो वे उसे काफी अच्छे तरीके से निभाना पंसद करते हैं।

इस रिसर्च के मुख्य शोधकर्ता जेड विडसन आंकड़ों को आधार बनाकर बताते हैं कि करीब 71 फीसदी पुरुष अपनी तनख्वाह के मुताबिक ही खर्च करते हैं, जबकि 53 प्रतिशत महिलाएं क्षमता से ज्यादा। लगभग 73 प्रतिशत पुरुष अपने आमदनी के हिसाब से शेयर बाजार, म्यूचुअल फंड्स, जीवन बीमा व अन्य बचत योजनाओं आदि पर निवेश करने पर प्राथमिकता देते हैं, जबकि केवल 4 फीसदी महिलाएं ही निवेश के बारे में गहरी जानकारी रखती हैं। अब आप कहेंगे कि केवल बचत करने से क्या, उन्हें खाना बनाना भी तो आना चाहिए, लेकिन हम आपको बताते चलें कि अमूमन पुरुष 'मुझे तो खाना बनाना आता ही नहीं' कहकर काम से बचकर निकल जाते हैं। लेकिन अगर एक बार पुरुष पाक कला सीख जाएं तो वह उसमें भी एक्सपर्ट हो जाते हैं। यकीन नहीं आया न, जरा आस-पास नजर दौड़ाइए, आपको सबसे बेहतरीन शेफ पुरुष ही मिलेंगे।

हैंडबैग महिलाओं के लुक को न केवल विशेष बनाता है, बल्कि व्यक्तित्व को उभारता भी है। मौजूदा दौर में हैंडबैग महिलाओं का आवश्यक साथी बन चुका है। हैंडबैग व पर्स का रंग व आकार यदि जूतों, कद काठी व वस्त्रों से मेल खाता हुआ हो तो बात कुछ खास हो जाती है।



# पर्सनैलिटी के अनुसार हो हैंडबैग

**आम** तौर पर सफेद, काल, मैरून, भूरे, सिल्वर व सुनहरी हैंडबैंग लगभग सभी पोषकों से मैच कर जाते हैं। अवसर के मुताबिक औपचारिक समारोह में जाते समय या खरीदारी करते समय और नौकरी पर जाते समय आवश्यकतानुसार चीजें भरकर अलग-अलग हैंडबैंग का प्रयोग करना चाहिए।

- कॉलेज व ऑफिस जाने वाली युवतियों को खुशनुमा आधुनिक डिजाइन के जूट, कपड़े, रेक्सिन या चमड़े के कमर तक लटकने वाले हैंडबैंग काम में लाने चाहिए।
- अध्यापन व प्रशासनिक दायित्वों से जुड़ी महिलाओं को सिम्पल डिजाइन का एकरंगा हैंडबैग व पर्स लेना चाहिए।
- दुबली, पतली छोटे कद की महिलाओं को चौड़े स्टैप वाले बड़े आकार के चपटे हैंडबैग का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इन पर हल्के-फुल्के स्टेप वाले गोलाकार या पंचकोणनुमा शेप के हैंडबैग खूब फबते हैं।
- नाटी व मोटी महिलाओं को भी बहुत बड़े या छोटे हैंडबैग का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। इन्हें कमर से लटकने वाले हैंडबैंग की बजाय हैण्डिल वाले मध्यम आकार के हैंडबैग काम में लेने चाहिए।
- लम्बे कद की महिलाओं पर थोड़े बड़े लटकने वाले हैंडबैंग फबते हैं। शादी व स्वागत समारोह जैसे मांगलिक अवसरों पर पोशाक से मेल खाते मखमल या शनील के पर्स बहुत अच्छे लगते हैं।

## इन बातों का रखें ध्यान

चमचमाते साफ-सुथरे हैंडबैग जहां सुरुचिपूर्ण व्यक्तित्व के परिचायक हैं, वहीं बेडौल शेप के उखड़ी जिप वाले, बेकार सामान से भरे हैंडबैग फूहड़ व्यक्तित्व की चुगली खाते नजर आते हैं।

- इससे बचने हेतु अनावश्यक चीजें हैंडबैग में न रखें। इससे जिप व तनियों, स्ट्रेपसद्ध पर अनावश्यक बोझ पड़ता है और वे जल्दी खराब हो जाते हैं। फालतू चीजें भरी रहने से चीजें भी तुरंत मिल नहीं पातीं।
- बरसात के दिनों में चमड़े व हैंडबैग व पर्स का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, क्योंकि पानी की नमी से ये बेडौल हो जाते हैं और इनमें फफूंद लग जाती है। हैंडबैग व पर्स का इस्तेमाल करने के बाद उन्हें सुरक्षित स्थान पर रख देना चाहिए।
- अधिक समय तक जब पर्स का प्रयोग न करना हो तो उसमें कागज भर कर रखें, ताकि आकार ठीक बना रहे। इन्हें बच्चों व फालतू जानवरों को खेलने के लिये देना नहीं चाहिए, क्योंकि इससे इनके खराब होने का डर बना रहता है।



**प्रारंभ** में जब महिलाएं गर्वभती होती थी तब उनका एक ही काम था, अपना व अपने बच्चे का ख्याल रखना और उनका करियर का वही खत्म हो जाना, पर अब महिलाओं ने ऐसा तरीका खोज निकाला है जिससे वे अपना व करियर दोनो को संभाल सकती है।

## समझे अपने आपको

कामकाजी महिलाओं को दिन में ऑफिस और रात को घर का काम ये दोनो के मध्य अपना भी ध्यान रखना काफी मुश्किल भरा होता है। आम तौर पर महिलाओं को कुछ ऐसे तकलीफें से गुजरती है जो एक गर्वभती महिला ही समझ सकती है, तो ऐसे मे वे स्वंय अपना ख्याल रखें।

## सही समय पर सही काम

कामकाजी गर्वभती महिलाओं को अपने कामो का शेड्यूल बनना चाहिऐ ताकि उनके सारे काम सही समय पर हो सके। घर व ऑफिस का टाइम दोनो को ऐसा संतुलन को बनाए रखना चाहिएं की जिससे किसी भी काम को देरी न हो।

## न लें टेंशन

प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं को अपने आपको कूल रखना होता है, इससे डिलिवरी होते समय किसी प्रकार की कोई समस्या नहीं आती, इसके साथ आपको योगा, मसाज, वॉक आदि को अपनाते रहना चाहिए ताकि आपका आने वाला बच्चा स्वस्थ हो।

### ऐसा भी करें

- हेल्दी फूड समय-समय पर लेते रहे।
- हमेशा खुश रहने की कोशिश करती रहे।
- समय-समय पर चेकअप कराते रहना चाहिए।
- एक्सपर्ट की सलाह लें।
- आराम दिलाने वाले तरीकों को अपनाएं

हर महिला को सबसे ज्यादा खुशी तब होती है जब वो मां बनती है, पर कामकाजी महिलाओं के लिए ये खुशी कुछ हद तक मायने रखती है क्यों कि उन्हे इसके लिए अपना करियर को छोड़ना पड़ सकता है।



# दिख रही आगे निकलने की चाहत?

**परंपरागत** माहौल में पली-बढ़ी स्त्री अपने दर्शन में स्पष्ट होती है कि उसका जीवन सिर्फ पर-सेवा और सबकी आंखों को भली लगने के लिए हुआ है। छोटी बच्चियां घर-घर, रसोई-रसोई, पार्लर-पार्लर खेलकर इसी सूत्र को अपनी जिंदगी का हिस्सा बना लेने की ट्रेनिंग लेते देखी जा सकती हैं। ठीक उसी समय जब उसकी उम्र के लड़के गन या पिस्तौल से मर्दानगी के पाठ पढ़ रहे होते हैं या कारों की रेस या बेमतलब की कूद-फांद, लड़ाई-झगड़े के खेल, खेल रहे होते हैं। इसे देखकर क्या कोई कह सकता है कि यही है गहरे संतुलित समाज की नींव? इस पर हमारा जवाब होगा, बिल्कुल नहीं।

आपने कॉलेज की बच्चियों को भी कभी कभी अपने बुजुर्गों से डांट खाते देखा होगा। कारण है कि ज्यादातर निम्न या मध्य वर्गीय परिवारों से आई हुई ये छात्राएं अपने लिए बेहद असुविधाजनक पहनावे को चुनने में पीछे नहीं हटती। गर्मी व उमस में सिंथेटिक कपड़े, बेहद ऊंची हील के सैंडल बार-बार फिसलते दुपट्टे में जड़ी तरह-तरह की लटकनें आदी। रास्तों में बाजारों में काम की जगहों में चमकीले तंग कपड़ों में फंसी, पल्ला और उसकी जगह-जगह उलझती लटकनें संभालती रंगी-पुती स्त्रियां, अपने आप संभलकर चल पाने में असमर्थ पति की बांह का सहारा लिए कभी-कभी लुढ़कने को होती स्त्रियां। अजीब-अजीब प्लेटफार्म वाले सैंडलों की हीक को मेट्रो और उसके प्लेटफार्म की दरार से निकाल कर हड़बड़ाती स्त्रियां। भले ही आज यह सभी की मजबूरी बन गया हो, लेकिन इतना तो साफ है कि समय बदल गया है और कल जो हाथ चूड़ियां पहनते थे वे अब लेपटॉप संथाले हुए हैं। मतलब साफ है कि अब दिख रही है आगे निकलने की चाहत!

# एक्ट्रेस से मूवी मेकर बनीं सामंथा प्रभु



सामंथा रुथ प्रभु आज 37 साल की हो गईं। खास मौके पर सामंथा ने अपने फैंस को सरप्राइज भी दिया है। एक्ट्रेस ने अपने होम प्रोडक्शन, ट्रालाला मूविंग पिक्चर्स से पहली फिल्म की घोषणा की। सामंथा ने अपनी नई फिल्म का पोस्टर और मोशन वीडियो भी शेयर किया, जिसमें उनका खूंखार लुक लोगों को हैरान कर रहा है। फिल्म का नाम बंगाराम रखा गया है, हालांकि, फिल्म के बारे में कोई अन्य विवरण अभी तक घोषित नहीं किया गया है। हालांकि अभिनेता के प्रशंसक इस बात से खुश हैं कि अभिनय से 7 महीने के ब्रेक के बाद आखिरकार सैम ने एक फिल्म की घोषणा की है।एक्टर द्वारा इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए पोस्टर में सामंथा बेहद धमाकेदार अवतार में नजर आ रही हैं। इस दौरान एक्ट्रेस हाथ में बंदूक थामे नजर आ रही हैं। इसके साथ ही इस पोस्टर में उनके चेहरे पर खून के छींटे नजर आ रहे हैं। 'बंगाराम' के फर्स्ट लुक में खुशी एक्टर ने अपने खूंखार लुक से लोगों का दिल जीत लिया है। उनका ये लुक इस समय सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रहा है। सैम के कैप्शन में लिखा है, 'सुनहरा होने के लिए हर चीज का चमकदार होना जरूरी नहीं है, बंगाराम जल्द ही शुरू होगा।' एक्ट्रेस का ये लुक फैंस को काफी पसंद आ रहा है। लोग अब एक्ट्रेस की फिल्म के बारे में और जानने के लिए उत्साहित नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर पर फैन्स ने कई तरह के कमेंट्स किए हैं। एक ने लिखा, 'फायर सैम', दूसरे ने लिखा, 'यह घोषणा करने के लिए यह सबसे अच्छा दिन है।' 'बंगाराम' के अलावा सामंथा 'सिटाडेलः हनी बनी' की रिलीज की तैयारी कर रही हैं। राज और डीके द्वारा निर्देशित इस श्रृंखला में वरुण धवन भी हैं। जासूसी थ्रिलर प्रियंका चोपड़ा की 'सिटाडेल' का हिंदी संस्करण है जिसका प्रीमियर प्राइम वीडियो पर होगा। सामंथा को आखिरी बार विजय देवरकोंडा स्टारर ख़ुशी में देखा गया था। यह फिल्म कई भाषाओं में रिलीज हुई थी, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई।

# विराट ने अपनी लेडी लव को रोमांटिक अंदाज में किया बर्थडे विश



बॉलीवुड की फेमस एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा ने 1 मई को अपना 36वां जन्मदिन सेलिब्रेट किया। उनके बर्थडे पर फिल्म इंडस्ट्री से लेकर फैंस तक लोग उन्हें जमकर बधाइयां दे रहे हैं। हाल ही में बेटे अकाय को जन्म देने के बाद अनुष्का अपने बच्चों के साथ भारत लौट आई हैं। वहीं अनुष्का के जन्मदिन पर उनके पति व भारतीय क्रिकेट टीम के ताबड़तोड़ बल्लेबाज विराट कोहली ने अपनी लेडी लव को खूबसूरत अंदाज में बर्थडे विश किया है। इस मौके पर विराट कोहली ने अनुष्का शर्मा को बेहद ही रोमांटिक अंदाज में सोशल मीडिया पर विश किया है। विराट ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर वाइफ अनुष्का के साथ एक पोस्ट शेयर किया है, जिसमें कपल की खूबसूरत तस्वीरें हैं। इसके अलावा पहली दो तस्वीरें एक्ट्रेस की हैं। इसके साथ ही उन्होंने बर्थडे विश करते हुए कैप्शन में एक प्यारा सा नोट लिखा है जिसे दिख फैंस कपल के कायल हो गए हैं। विराट ने फोटोज शेयर करते हुए लिखा-"अगर मैंने तुम्हें पाया न होता, तो मैं पूरी तरह से खो जाता। जन्मदिन मुबारक हो माय लव। आप हमारे जीवन की रोशनी हो। हम आपसे बहुत प्यार करते हैं।" विराट के इस पोस्ट पर फैंस के भर भर के कमेंट्स आ रहे हैं। कपल के प्रशंसक उनके बॉन्ड की तारीफें कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा-रिलेशनशिप तो ऐसी होनी चाहिए। इन दिनों विराट कोहली आईपीएल 2024 में बिजी हैं लेकिन अपने लेडी लव पर प्यार बरसाना वह कभी नहीं भूलते। बता दें, विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने साल 2017 में शादी की थी। स्टार कपल के दो बच्चे हैं। 11 जनवरी 2021 को अनुष्का ने अपने पहले बच्चे को जन्म दिया था। उनकी बेटी का नाम वामिका है। जिसके बाद हाल ही में विराट-अनुष्का दूसरे बच्चे के पैरेंट्स बने हैं। उनके बेटे का नाम अकाय है जिसका जन्म 5 फरवरी 2024 को हुआ।



# सरगुन मेहता का दिलकश अंदाज

पंजाबी एक्ट्रेस और एक्टर रवि दूबे की पत्नी सरगुन मेहता इन दिनों वियतनाम में वेकेशन एंजॉय कर रही हैं। इस ट्रिप से सरगुन ने अब तक कई तस्वीरें फैंस के साथ शेयर की हैं। वहीं अब हसीना ने अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जो इस समय चर्चा में हैं। सरगुन की ये तस्वीरें वियतनाम के हलांग बे की हैं, जिसमें वह पूल में चिल करती दिख रही हैं। लुक की बात करें तो सरगुन ने कलरफुल बिकिनी पेयर की हैं। वह धूप में पूल के अंदर खूब मस्ती कर रही हैं। फोटोज इतनी ज्यादा हसीन है कि आपका तस्वीरों से नजरें हटाना मुश्किल हो जाएगा। तस्वीरों मेंसरगुन पानी के अंदर आराम से कभी लेटी नजर आ रही हैं तो कभी खड़े होकर आसपास के नजारे का लुत्फ लेती दिख रही हैं। वहीं फोटोज में पीछे खूब सारा पानी और थोड़ी बहुत ग्रीनरी भी नजर आ रही है जो उनकी इन तस्वीरों को और भी ज्यादा खूबसूरत बना रही हैं। तस्वीरों के साथ सरगुन ने लिखा-'जहां पर पूल समुद्र से मिल जाता है। हलांग बे।' काम की बात करें तो सरगुन हाल ही में फिल्म 'जट्ट नूं चुड़ेल टक्करी' में नजर आईं हैं। फिल्म में उनके साथ गिप्पी गरेवाल, रूपी गिल जैसे स्टार्स हैं।

# इंतजार खत्म! फुलेरा गांव की सैर के लिए हो जाएं तैयार





इन दिनों वेब सीरीज और शोज दर्शकों की पहली पसंद बन चुका है। कुछ वेब शोज ऐसे भी हैं जो लोगों के दिलों-दिमाग में बस चुके हैं, क्योंकि इसकी कहानी, किरदार और स्क्रीनपेल ने दर्शकों को इतना बांधे रखा की आज भी लोग इसे देखने के लिए समय निकालते हैं। इन्ही में से एक फेमस वेब सीरीज है 'पंचायत'। इंटरनेट कंटेट के किंग एक्टर जितेंद्र कुमार, नीना गुप्ता और रघुबीर यादव स्टारर अमेजॉन प्राइम की वेब सीरीज 'पंचायत' के पहले और दूसरे पार्ट ने दर्शकों का खूब दिल जीता है। जिसके बाद पिछले कई दिनों से इसके तीसरे सीजन की रिलीज की भी तैयारियां तेज थीं। फैंस लंबे समय से 'पंचायत सीजन-3' का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, और अब वो घड़ी आ चुकी है। जी हां, आप एक बार फिर पंचायत के ग्राम फुलेरा की सैर के लिए तैयार हो जाएं, क्योंकि 'पंचायत 3' की रिलीज डेट से पर्दा उठ चुका है। जितेंद्र कुमार की सुपरहिट वेब सीरीज की रिलीज डेट का मेकर्स ने अनाउंसमेंट कर दिया है। अमेजॉन प्राइम ने सोशल मीडिया पर शो के नए पोस्टर की झलक दिखाते हुए इसकी रिलीज डेट की जानकारी दे दी है। 'पंचायत सीजन 3' इसी महीने यानी 28 मई से अमेजॉन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने जा रहा है।

# पाकिस्तानी एक्ट्रेस ने जमकर की नरगिस फाखरी की बुराई



बॉलीवुड में जब तक पाकिस्तानी कलाकारों के लिए रास्ते खुले थे, तब तक कई पाकिस्तानी स्टार्स ने भारतीय सितारों के साथ काम किया। जहां ज्यादातर आज भी इंडियन स्टार्स के साथ अपना तजुर्बा फक्र से बताते हैं, वहीं कुछ ऐसे भी जिनका अनुभव अच्छा नहीं रहा और उन्होंने खराब बर्ताव को लेकर शिकायत की। पाकिस्तानी एक्ट्रेस मरीहा सफदर ने अक्षय कुमार और बोमन ईरानी के साथ फिल्म Housefull 3 में काम किया था। महीना ने एक इंटरव्यू में बातचीत के दौरान बॉलीवुड में काम करने को लेकर अपना तजुर्बा बताया। मरीहा ने बॉलीवुड एक्ट्रेस नरगिस फाखरी के रूड और जलनखोर बर्ताव को लेकर शिकायत की। कम लोग जानते हैं कि मरीहा एक वेल क्वालिफाइड एक्ट्रेस हैं और उन्होंने 'एक्टिंग स्कूल ऑफ लंदन' से पढ़ाई की है। वह अपना पैशन पूरा करने के लिए पाकिस्तान वापस लौट आई थीं। फिल्मों की बात करें तो उन्होंने 'तमाशा' और 'कैसी औरत हूं मैं' जैसी फिल्मों में काम किया है। समा टीवी के पॉपुलर शो गपशप में बातचीत के दौरान मरीहा ने बॉलीवुड सितारों की तारीफ की और बताया कि कैसे सभी लोगों ने उनके साथ दोस्ताना व्यवहार रखा। उन्होंने अक्षय कुमार और बोमन ईरानी की खासतौर पर तारीफ की। मरीहा ने बताया कि कैसे नए कलाकारों के साथ नरगिस फाखरी का रवैया बहुत रूखा था। उन्होंने कहा कि नरगिस अपने बारे में कुछ ज्यादा ही सोच रही थीं कि उन्हें दूसरों की बिलकुल परवाह नहीं थी। मरीहा ने 'रॉकस्टार' फेम एक्ट्रेस नरगिस को 'रूड' और 'जेलस' कहा। बता दें नरगिस फाखरी ने बताया था कि उनके दिवंगत पिता पाकिस्तानी थे और उनकी मां चेक रिपब्लिक से थीं।

# कंगना रनौत से तुलना किए जाने पर स्वरा भास्कर का रिएक्शन







बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत, जो हिमाचल प्रदेश के मंडी से लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, इंडस्ट्री की शीर्ष अभिनेत्रियों में से एक हैं। अपनी फिल्मों से लाखों दिल जीतने के बाद एक्ट्रेस राजनीति में डेब्यू कर रही हैं। हालांकि, वह अक्सर अपने विवादित बयानों को लेकर सुर्खियां बटोरती रहती हैं। उन्होंने एक बार स्वरा भास्कर को 'बी-ग्रेड एक्टर' कहा था और कहा था कि स्वरा को उनसे दिक्कत है क्योंकि वह उनके विचारों से सहमत नहीं हैं। अब स्वरा ने उस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि उनमें और कंगना में 'बड़ा अंतर' है।

ईशान के साथ बातचीत के प्रोमो में स्वरा ने कहा कि मैं बस यह बताना चाहती हूं कि बहुत से लोग 'कंगना और तुम, कंगना और तुम' कहते हैं, लेकिन एक बड़ा अंतर है। कंगना ने जब आवाज उठाई, सत्ता के पक्ष में उठाई, मैंने जब आवाज उठाई, सत्ता से सवाल करने के लिए उठाई (हर बार उसने केवल सरकार के समर्थन में आवाज उठाई, मैंने हमेशा सत्ता में बैठे लोगों से सवाल करने के लिए आवाज उठाई)।

> कंगना रनौत का हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में कई लोगों से विवाद रहा है, उनमें से एक स्वरा भास्कर भी हैं, जिन्हें उन्होंने 'बी-ग्रेड एक्टर' कहा था। एक्टर और बीजेपी नेता ने ये भी कहा कि स्वरा को उनसे दिक्कत हुई है क्योंकि वो उनकी राय से सहमत नहीं थीं।

इसी इंटरव्यू में स्वरा ने कहा कि उन्हें एक नेता के तौर पर राहुल गांधी पसंद हैं। उन्होंने उन बिंदुओं पर प्रकाश डाला कि वह उन्हें इतना पसंद क्यों करती हैं। इस बीच, स्वरा हाल ही में एसएस राजामौली की हीरामंडी में दिखाई दीं, जिसमें मुख्य भूमिकाओं में सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख और शर्मिन सहगल सहित कई स्टार कलाकार शामिल हैं। इसके अलावा, यह अभिनेता फरदीन खान की स्क्रीन पर वापसी का प्रतीक है और इसमें शेखर सुमन और अध्ययन सुमन भी शामिल हैं।



# 'पशुओं को हीट स्ट्रोक से बचाएं, मृत्यु भी हो सकती है'

**मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने सुझाए कई टिप्स, करें पालन**

**नोएडा (चेतना मंच)।** मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी विपिन अग्रवाल ने बताया कि गर्मी तेजी से बढ़ रही है। गर्मी बढ़ने पर शरीर में पानी की कमी हो सकती है। पानी शरीर का एक महत्वपूर्ण तत्व है। शरीर में 65 प्रतिशत के करीब पानी होता है। शरीर के खून में 80 प्रतिशत पानी होता है। अत: शरीर में पानी की कमी होने पर शरीर की क्रियाएं शिथिल पड़ जाती हैं। अत्यधिक कमजोरी महसूस होती है। भूख में कमी आती है। दुधारू पशुओं का दूध कम हो जाता है। गाभिन पशुओं में गर्भपात हो जाता है। पशुओं में स्ट्रेस का स्तर बढ़ता है, जिससे प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती है।


पशु पक्षियों को बुखार हो जाता है। समय पर पानी की पूर्ति न होने पर पशु निढाल हो जाता है और मृत्यु भी हो सकती है। इसलिए गर्मी से बचाव की व्यवस्था करना बहुत ही महत्वपूर्ण बिंदु है। उन्होंने बताया गर्मी के समय आपको क्या सावधानी रखनी है यह प्रत्येक पशुपालक और आम व्यक्ति को इसकी जानकारी होनी चाहिए। तमाम ऐसे पशु है जो निराश्रित हैं उनके प्रति भी आपको दया का भाव रखना है। उनके लिए भी व्यवस्था करनी है। उनके लिए आप घर के बाहर पानी की व्यवस्था कर सकते हैं। पक्षियों के लिए छत पर पानी की व्यवस्था कर सकते हैं। जो भी पानी रखें उसको आप समय-समय पर बदलते रहे और पानी को छायादार स्थान पर ही रखें। गर्म पानी पशु पक्षियों को नुकसान कर सकता है। यदि पशु पक्षी बहुत हॉफ रहा हो, कमजोरी और थकान महसूस कर रहा हो, मुंह से लार टपक रही हो, उसके हृदय की गति बढ़ गई हो और वह निढाल पड़ गया हो तो यह लक्षण गर्मी से होने वाले हीट स्ट्रेस के लक्षण हो सकते है। तत्काल नजदीकी पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क करें और इलाज कराये। भार ढोने वाले या काम करने वाले पशुओं को गर्मी के समय 12 बजे से 3 तक अवश्य आराम दें। 37 डिग्री से अधिक तापमान होने पर इस नियमों का पालन अवश्य करें अन्यथा पशुओं के प्रति क्रूरता का अपराध माना जाएगा। अपने पालतू पशुओं को दिन में एक बार जरूर नहलाएं। छायादार स्थान पर ही रखें। गर्म हवा के सीधे संपर्क में आने से रोकने के लिए पर्दे लगाए। टीन शेड के घर बने हो तो उसे पर घास, पराली आदि डाल दें जिससे छत गर्म ना हो। पालतू पशुओं को नियमित रूप से नमक, संतुलित पशु आहार मिनरल मिक्सर प्रति दिन दें, इससे दुधारू पशुओं के दूध में कमी नहीं आएगी। पशुओं में स्ट्रेस नहीं होगा। स्ट्रेस आने से प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ जाती है और विभिन्न प्रकार की बीमारियां होती है। जन सामान्य से अनुरोध है कि पशुओं के प्रति दया का भाव रखते हुए गर्मी और लू से बचाने के लिए उपरोक्त बताए गए उपायों को खुद करें और अन्य व्यक्तियों को जागरूक कर प्रेरित करें।

# हाई पॉवर कमेटी ने सुनी किसानों की समस्याएं, दिया आश्वासन




**नोएडा (चेतना मंच)।** अध्यक्ष, राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश डॉ. रजनीश दुबे द्वारा जनपद गौतमबुद्ध नगर के अखिल भारतीय किसान सभा के जिलाध्यक्ष रुपेश वर्मा , भारतीय किसान परिषद के जिलाध्यक्ष सुखबीर खलीफा, जय जवान जय किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह भाटी उर्फ सुनील फौजी, भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष पवन खटाना, भारतीय किसान यूनियन मंच के जिलाध्यक्ष सुधीर चौहान, भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के जिला अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह, भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के जिलाध्यक्ष महेंद्र मुखिया, भारतीय किसान संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष मनवीर भाटी के साथ किसानों की समस्याओं एवम मांगों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभागार में महत्वपूर्ण बैठक की गई।

बैठक में मंडलायुक्त मेरठ सेल्वा कुमारी जे0, मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा विकास प्राधिकरण लोकेश एम, मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा विकास प्राधिकरण रवि कुमार एन जी तथा जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने प्रतिभाग किया।



अध्यक्ष ने क्रमवार सभी किसान संगठनों के प्रतिनिधियों से वार्ता करते हुए किसानों की मांगो/समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। किसानों के द्वारा किसानों की अधिकृत भूमि के सापेक्ष 10 फ़ीसदी विकसित भूमि का अधिकार देने, आबादी विनियमावली 2011 के अंतर्गत 450 वर्ग मीटर की सीमा को 1000 प्रति वर्ग मीटर किये जाने, गांव में निर्माणाधीन किसानों के घरों पर भवन नियमावली न लागू किया जाने, 5 फ़ीसदी की विकसित भूखंड पर पूर्व में संचालित कमर्शियल गतिविधि करने की नीतिगत अनुमति देने, सर्किल रेट बढ़ाने तथा रोजगार आदि मांगों के संबंध में अध्यक्ष को अवगत कराया गया। इस महत्वपूर्ण बैठक में अपर जिलाधिकारी भू0/अ0 बच्चू सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉक्टर नितिन मदान तथा अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

**– गेझा गांव में मकान मालिक की दरिंदगी –**

# हवस पूरी न होने पर किरायेदार के घर को आग लगा दी

**महिला व दो बच्चे झुलसे मकान मालिक गिरफ्तार**

**नोएडा (चेतना मंच)।** थाना फेस दो क्षेत्र के सेक्टर-93 स्थित गेझा गांव में मकान मालिक ने अपनी हवस पूरी करने में विफल रहने पर किरायेदार के परिवार को जिंदा जलाने का प्रयास किया। जिसके कारण किरायेदार की पत्नी झुलस गई जबकि उसके दोनों बच्चों के फेफड़ों में धुआं भर गया।



तीनों को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया गया हैं। थाना फेस-2 पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी मेद सिंह को गिरफ्तार कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक मूलरूप से कानपुर निवासी एक युवक निजी कंपनी में काम करता है। वह पत्नी व दो बच्चों के साथ गेझा गांव में किराये पर रहता है। आरोप है कि 26 अप्रैल को युवक की पत्नी और दोनों बच्चे कमरे में सो रहे थे तभी मकान मालिक मेद सिंह आया। पति को शराब पिलाने के बाद उसने उसने गंदी नियत से महिला से दरवाजा खोलने के लिए कहा। महिला के दरवाजा नहीं खोलने पर मकान मालिक ने ज्वलनशील पदार्थ कमरे में फेंककर आग लगा दी। इसमें महिला और उनके दोनों बच्चे झुलस गए। अपनी और अपने बच्चों की जान बचाने के लिए किसी तरह महिला दोनों बच्चों को लेकर कमरे से बाहर निकली। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने तीनों घायलों को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस का कहना है कि महिला 15 फीसदी जली है। जबकि दोनों बच्चों के फेफड़ों में धुआं भर गया था।

थाना फेस-2 के प्रभारी निरीक्षक विंध्याचल तिवारी ने बताया कि जांच में पता चला है कि आरोपी मकान मालिक महिला पर गंदी नियत रखता था। इसी चक्कर में उसने 26 अप्रैल की रात को उसके पति को छत पर ले जाकर शराब पिलाई थी। जब महिला का पति शराब के नशे में बेसुध हो गया तब मकान मालिक नीचे पहुंचा। उसने किरायेदार की पत्नी से दरवाजा खोलने के लिए कहा। दरवाजा नहीं खोलने पर उसने कमरे में ज्वलनशील पदार्थ फेंककर आग लगा दी।

# गो आश्रय स्थलों के लिए भूसा का दान करें : मनीष वर्मा

**डीएम ने कहा-50-100 कुंतल भूसा दान करने वाले होंगे सम्मानित**

**नोएडा (चेतना मंच)।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने जनपदवासियों से कहा कि आप सभी के समन्वित सहयोग से जनपद गौतमबुद्धनगर में 18 अस्थाई गौ आश्रय स्थलों/स्थायी गौ आश्रय स्थलों का संचालन किया जा रहा है। वर्तमान समय में उक्त गो आश्रय स्थलों में 8847 निराश्रित गोवंश संरक्षित किये गये है। इतनी अधिक संख्या में संरक्षित गोवंश के भरण-पोषण हेतु वर्ष पर्यन्त भूसे की आवश्यकता बनी रहती है। वर्तमान समय में गेंहू की कटाई चलने के कारण भूसा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है।



जिलाधिकारी ने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि गोवंश के भरण पोषण हेतु अधिक से अधिक मात्रा में भूसा अपनी निकटस्थ गौशाला में दान करने का कष्ट करें। 100 कु0 से अधिक के दान दाताओं को मेरे द्वारा व्यक्तिगत रूप से सम्मानित किया जाएगा। 50 कु0 से 100 कु0 के दान दाताओं को जनपद के मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इस पुनीत कार्य में किसी भी सहयोग/समन्वय के लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, गौतमबुद्धनगर डा0 वी0 के0 अग्रवाल से मोबाइल नं.- 9412442243 पर संपर्क किया जा सकता है। दान: चेक/नकद/सामग्री के रूप में कर सकते है।

**प्राचीन बाराही मेला-2024**

# 'हो आजा गोरी बैठ जीप में, मेरी जीप रोड की रानी'




**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** सूरजपुर में चल रहे प्राचीनकालीन ऐतिहासिक बाराही मेला-2024 के दसवें दिन बुद्धवार को लोगों की भारी भीड रही। रात्रिकालीन रागनियों के रंगारंग कार्यक्रम में पवन फौजी, नीतू भाटी एंड पार्टी के कलाकारों ने एक से बढ कर एक प्रस्तुत देते हुए शमा बांध दिया। नीतू भाटी और सुनील चौहान ने वीर हकीकत राय के किस्से से--- **थारे बिन रहूंगी कैसे, कहीं भी सहारा ना........** और पवन फौजी व सुषमा ठाकुर ने-- **हो आजा गोरी बैठ जीप में, मेरी जीप रोड की रानी, ये चाले टोप गैर में......** रागनी प्रस्तुतियों से लोगों का दिल जीत लिया। प्रमोद मीणा और राहुल राधव ने दहेज प्रताडना पर मार्मिक रागनी प्रस्तुत करते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। रूबी पवार ने नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देते हुए जमकर धमाल मचाया। नीतू भाटी ने उपदेश के जरिए---- **बिन आई में मानस मरजा, चोरी जुआ जारी में, बडे बडों के शीश उतर गए, इस त्रिया की यारी में........** और सुनील चौहान ने पूरणमल के किस्से से- **अरे फिदा हुई तेरे हुसन पे पूरण, लागी चोट जिगर में.......** रागनी की प्रस्तुति देते हुए खूब वाहवाही लूटी। पवन फौजी और सुषमा ठाकुर ने लोहारी के किस्से से सवाल जवाब की रागनी प्रस्तुत की। सुनील चौहान, नीतू भाटी और पवन फौजी ने वीर हकीकत राय के किस्से से कई रागनियां प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। प्रलय दत्त बंगाली सूरजपुर ने **रोमियो नाम मेरा, चोरी है काम मेरा...** गीत की प्रस्तुति देते हुए लोगों का मन मोह लिया।



बाल कलाकार खुशबू राजपूत ने नृत्य की प्रस्तुति दी। रोजवुड पब्लिक स्कूल के नन्हें मुन्हों ने गीत संगीत के कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए लोगों का मन मोह लिया। शिव मंदिर सेवा समिति की ओर से नन्हें मुन्हों को पानी की बोतल और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के तौर पर बाबा मोहनराम मलकपुरधाम सेवा समिति, राजस्थान के अध्यक्ष महाशय बुद्धराम, विशिष्ठ अतिथि के तौर फिट इंडिया के ब्रांड एंबेसडर रोहताश चौधरी शामिल हुए और जिनका शिव मंदिर सेवा समिति ने माल्यापर्ण और स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। उधर लोक कला संस्कृति मंच पर हरियाणा और राजस्थान से आए राजबाला एंड पार्टी और सिकंदरनाथ बीन तुंबा पार्टी के कलाकारों ने गीत संगीत और नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति देते हुए लोगों का मनमोह लिया।

मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा ने बताया कि कल 3 मई शुक्रवार की सांय हरियाणा और राजस्थान के कलाकारों तथा दीक्षा इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। जब कि रात्रिकालीन रागनियों के रंगारंग कार्यक्रमों में जयवीर भाटी, मनोज चौधरी एंड पार्टी, गौरव भाटी, नरेश नागर, यश गुर्जर, रितु चौधरी, कृष्ण खटाना, छाया चौधरी आदि कलाकार खास प्रस्तुतियां देंगे।

इस मौके पर शिव मंदिर मेला समिति के अध्यक्ष धर्मपाल भाटी, महासचिव ओमवीर बैंसला, कोषाध्यक्ष लक्ष्मण सिंघल, मीडिया प्रभारी मूलचंद शर्मा और सुनील सौनिक, राजपाल भडाना, सुभाष शर्मा कैसेट वाले, गौरव नागर, केडी गुर्जर, अवनीश सक्सैना उर्फ सोनू भैया, हरीश नागर आदि मेला समिति के पदाधिकारी और गणमान्यजन उपस्थित रहे।

